वर्ष- 21 अंक - 223 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, मंगलवार 27 जनवरी 2026

# इंदौर में सिरफिरे ने युवती के भाई को उतारा मौत के घाट

## घर में घुसकर युवती और मां के अलावा खुद को भी मारे चाकू

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर के एरोड्रम थाना क्षेत्र के 60 फीट रोड पर सोमवार रात एक युवक की सनक ने एक हंसते-खेलते परिवार की खुशियां उजाड़ दीं। एक सिरफिरे युवक ने युवती के घर में घुसकर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस खूनी संघर्ष में युवती के भाई की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि युवती और उसकी मां का इलाज अस्पताल में हो रहा है। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ने खुद को भी लहूलुहान कर लिया।

मिली जानकारी के अनुसार आरोपी वेदांत सोलंकी का युवती विधि लखावत से पिछले कुछ समय से विवाद चल रहा था। कल वेदांत विधि में घर में घुस गया और विवाद करने लगा। कुछ समय बाद विवाद इतना बढ़ गया कि



वेदांत ने चाकू निकाल लिया और विधि पर हमला करने लगा तभी विधि की मां अनिता और भाई वेदांश ने बीचबचाव किया। इसी दौरान वेदांश को सीने पर चाकू लग गया जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं मां अनिता भी अस्पताल में इलाजरत है। आरोपी वेदांत ने खुद को भी चाकू से लहूलुहान कर लिया, जिसका एमवाय अस्पताल में इलाज चल रहा है।

शेष पेज 12 पर



## गणतंत्र परेड में अहिल्याबाई की झांकी ने मन मोहा




# कर्तव्य पथ पर पैदल चले मोदी

मंगलवार ● एजेंसी

कल दिल्ली की गणतंत्र परेड में म.प्र. की झांकी में अहिल्या बाई की झलक देखकर लोग मंत्रमुग्ध हो गए। परेड और ध्वजारोहण के बाद प्रधानमंत्री मोदी कर्तव्य पथ पर पैदल चलते हुए लोगों का अभिवादन करते नजर आए। उन्होंने बंधेज पगड़ी पहन रखी थी। दिल्ली की परेड में इस बार दो कूबड़ वाले बर्फीले ऊंट भी नजर आए।

### राहुल तीसरी लाइन में

गणतंत्र परेड में राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे को तीसरी पंक्ति में बैठाया गया, जिससे कांग्रेस भड़क गई।

**राज्यपाल की कुर्सी पर बैठे नितिश-** पटना में गणतंत्र दिवस समारोह में कुर्सियों की अदला-बदली हो गई। मुख्यमंत्री नितिश कुमार राज्यपाल की कुर्सी पर बैठ गए और नितिश की कुर्सी पर कोई दूसरा नेता बैठ गया।

**जिन्ना जिंदाबाद के नारे-** बिहार के सुपोल जिले में गणतंत्र दिवस पर एक स्कूल में शिक्षक मंसूर आलम ने जिन्ना जिंदाबाद के नारे लगाए। पुलिस ने शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया।

### झंडा फहराने के बाद मौत

महाराष्ट्र के धाराशिव में आबकारी अधिकारी मोहन जाधव (56 वर्ष) ध्वजारोहण के बाद ग्रुप फोटो लेते समय दिल का दौरा पड़ने से गिर पड़े और उनकी मृत्यु हो गई।

### तिरंगा उतारते हुए करंट लगा

ओडिशा के जगतसिंहपुर में राष्ट्रीय ध्वज उतारते समय करंट लगने से कक्षा 10 के छात्र ओम प्रकाश द्विवेदी की मौत हो गई।

**कपड़े बदल रही छात्राओं का बनाया वीडियो-** मध्यप्रदेश में उमरिया जिले के ग्राम पिपरिया स्थित हाईस्कूल में गणतंत्र दिवस कार्यक्रम के दौरान 3 से 4 नशे में धुत युवकों ने छात्राओं के कपड़े बदलने के लिए निर्धारित कक्ष में घुसकर मोबाइल से फोटो-वीडियो बनाने की कोशिश की। रोकने पर उन्होंने शिक्षकों पर हमला किया

**फटे पन्नों पर परोसा भोजन-** म.प्र. में मेहर जिले में भटिगंवा गांव के स्कूल में गणतंत्र दिवस पर बच्चों को थाली और डिस्पोजल के बजाए रद्दी किताबों के फटे पन्नों पर भोजन परोसा गया।

## चांदी हुई साढ़े तीन लाख रु. किलो पार सोना भी हाई पर पहुंचा

**मंगलवार।** कल छुट्टी के बाद आज सुबह एससीएक्स का चांदी मार्केट फिर शुरू हुआ, कल ही संभावना थी कि बड़ी उछाल चांदी में आएगी और आज सुबह चांदी पहली बार एमसीएक्स पर साढ़े तीन लाख रु. से पार होकर 3 लाख 59 हजार पर पहुंची। आज सुबह करीब 25 हजार रु. चांदी तेज हुई और उसके बाद फिर से चांदी करीब पौने 7 हजार नीचे हुए, समाचार लिखे जाने तक 11 बजे चांदी एमसीएक्स पर 3 लाख 52 हजार 500 रु. रही। उल्लेखनीय है कि 1 जनवरी को चांदी 2 लाख 35 हजार रु. एमसीएक्स पर थी। इस तरह इन 26 दिनों में ही चांदी 1 लाख 17 हजार से ऊपर हो गई। इधर आज सुबह सोने में भी तेजी का रूख दिखा। 1 लाख 56 हजार 37 रु. की क्लोसिंग के बाद आज सुबह सोना 1 लाख 58 हजार 287 रु. प्रति 10 ग्राम रहा। सोना आज सुबह 1 लाख 59 हजार 820 रु. पर पहुंचकर हाई पर पहुंचा था, जो बाद में कुछ घटा।

## आज हड़ताल, लगातार चौथे दिन बैंक बंद

**मंगलवार, (एजेंसी)।** सप्ताह में 5 दिन काम और 2 दिन छुट्टी की मांग को लेकर देशभर के सरकारी बैंकों में आज हड़ताल है। म.प्र. की 7 हजार बैंक शाखाओं में यह हड़ताल हो रही है। शनिवार-रविवार के बाद कल गणतंत्र दिवस पर भी बैंक की छुट्टी थी।

## महाकाल के दर्शन कर लौट रहे चार लोगों की मौत

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर एक कार और अज्ञात वाहन में जोरदार भिड़ंत हो गई। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई और एक घायल हो गया। कार में सवार सभी लोग महाकाल के दर्शन कर उज्जैन से नोएडा लौट रहे थे। टक्कर के बाद कार को अज्ञात वाहन कई कि.मी. तक घसीटता ले गया।

## शकील अहमद के घर पर हमला कर सकती है कांग्रेस

**मंगलवार, (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता शकील अहमद ने पिछले दिनों राहुल गांधी को डरपोक नेता बताया था। अब खुद शकील अहमद को डर लग रहा है कि कांग्रेस मेरे मधुबनी स्थित घर पर हमला कर सकती है।

## उद्धव ठाकरे के 4 पार्षद लापता

**मुंबई, (एजेंसी)।** कल्याण-डोंबिवली में शिवसेना (उद्धव) के चार नवनिर्वाचित कॉर्पोरेटरों के लापता होने की खबर के बाद पुलिस स्टेशन में उनकी गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई गई है।

## रतलाम में बंदूक की दुकान में धमाका, 4 लोग झुलसे

**रतलाम, (एजेंसी)।** रतलाम में एक बंदूक दुकान में धमाका होने से एक ग्राहक सहित 4 लोग गंभीर रूप से झुलस गए। धमाके से दुकान में आग लग गई। झुलसे हुए लोग सड़क पर दौड़ते नजर आए।

# बर्फीले तूफान से 25 की मौत लाखों घरों में बिजली गुल

### उड़ान भरते ही प्लेन क्रेश, 7 मरे

**वाशिंगटन, (एजेंसी)।** अमेरिका में बर्फीले तूफान ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। अब तक यहां 25 मौतें हो चुकी हैं। एक प्लेन भी बर्फीले तूफान के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में प्लेन में सवार 8 में से 7 की मौत हो गई। बेंगर एयरपोर्ट से उड़ान भरते ही यह विमान जमीन पर आ गिरा।

**बर्फबारी पड़ी भारी-** हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी का नजारा देखने के लिए हजारों लोग पहुंचे,त लेकिन यहां भारी बर्फबारी के कारण यह लोग जगह-जगह भूखे-प्यासे फंसे हुए हैं। 1200 से ज्यादा सड़कें यहां ब्लॉक हो गई। हर तरफ बर्फ में वाहन फंसे हुए हैं।

## दो गोदामों में भीषण आग 8 की मौत, कई लापता

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना में दो गोदामों में भीषण आग से आठ लोगों की मौत हो गई और कई लोग लापता हैं। मलबा हटने पर मौत का आंकड़ा बढ़ने की आशंका है। मारे गए लोगों के शव बुरी तरह जले हुए मिले।

# उपमुख्यमंत्री ने किया ध्वजारोहण, ली परेड की सलामी





## बच्चों के साथ किया भोजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

इंदौर जिले में गणतंत्र दिवस समारोह का मुख्य आयोजन कल नेहरू स्टेडियम में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा की मौजूदगी में किया गया। आकर्षक परेड हुई और सलामी भी उपमुख्यमंत्री ने ली। शासन की योजनाएं अलग-अलग विभाग ने बताई। झांकियां भी निकाली गई, बच्चियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के गणतंत्र दिवस के संदेश का वाचन भी किया गया। 16 प्लाटूनों की परेड देखने लायक थी। उपमुख्यमंत्री देवड़ा ने ध्वजारोहण के पश्चात खुली जीप से परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस आयुक्त संतोष सिंह, कलेक्टर शिवम वर्मा भी साथ में थे, हर्ष फायर भी किया गया। परेड की जिम्मेदारी अधिकारी कुंदन मंडलोई और सूबेदार राजू सांवेल के पास थी। समारोह के दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान भी किया गया। सभी स्कूलों को पुरस्कृत किया गया। उत्कृष्ट परेड प्रस्तुत करने पर प्लाटूनों को पुरस्कृत किया गया। महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक महेन्द्र हार्डिया, संभाग आयुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, आईजी अनुराग एवं पुलिस अधिकारी अमित सिंह, राजेश सिंह एवं अन्य अधिकारी और अन्य भी बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## बच्चों के साथ भोजन किया और स्कूली बैग भी दिए



उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कल झंडा वंदन और परेड के बाद शासकीय विद्यालय मूसाखेड़ी में आयोजित विशेष मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम में बच्चों के साथ भोजन किया और उन्हें स्कूली बैग भी वितरित किए। महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक महेन्द्र हार्डिया, एमआईसी सदस्य नन्दकिशोर पहाड़िया एवं कलेक्टर शिवम वर्मा, निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

# कांग्रेसियों को पहले पेड़े और फिर पोहा-जलेबी का मिला नाश्ता

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी रहे गांधी भवन के नीचे झंडा वंदन में मौजूद, कराया आधा घंटा तक कांग्रेसियों को इंतजार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।





प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी हमेशा की तरह कल भी गांधी भवन के ध्वजारोहण कार्यक्रम में निर्धारित समय से आधा घंटा देरी से पहुंचे। कुछ कांग्रेसी तो पहले से बोल रहे थे कि पटवारी देरी से ही पहुंचेंगे, तो कुछ कांग्रेसी देरी होने पर नाराजगी का इजहार भी टांटिंग के रूप में करते रहे। हर बार की तुलना में इस बार कांग्रेसियों की उपस्थिति इस गणतंत्र दिवस पर अच्छी रही। झंडा वंदन के बाद कांग्रेसियों ने पटवारी से मुलाकात भी की, चित्र भी खिचवाए, कुछ ने सेल्फी भी ली। इधर शहर कांग्रेस द्वारा लाए गए पेड़ों को पटवारी ने अपने हाथों से कांग्रेसियों को दिए। किसी के हाथ में तो किसी के मुंह में भी पेड़ा रखा। इधर पेड़े का लुत्फ लेने के बाद कांग्रेसियों के लिए पोहा-जलेबी का आयोजन भी था। इस दौरान जीतू पटवारी, चिंटू चौकसे, विनय बाकलीवाल, सदाशिव यादव, विपिन वानखेडे, मोतीसिंह पटेल, संजय बाकलीवाल, अमन बजाज, अर्चना जायसवाल, इम्तियाज बेलिम, सन्नी राजपाल, गिरिश चितले, मुकेश ठाकुर, देवेन्द्र यादव, कमलेश पाठक, दीपक मलोरिया रानू, अमित चौरसिया, जीतू दीवान, किरण जिरेती, ठा. जितेन्द्रसिंह, अमित पटेल, प्रकाश महावर मौजूद थे।

## युवक कांग्रेस की कल से 9 दिवसीय न्याय यात्रा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** शहर युवक कांग्रेस द्वारा कल 28 जनवरी से 9 दिवसीय जन अधिकार न्याय यात्रा इंदौर जिले में निकाली जाएगी। यह यात्रा 5 दिन इंदौर शहर में भ्रमण करेगी। वहीं जिले में यह यात्रा 4 दिन ग्रामीण विधानसभाओं में निकाली जाएगी। इस मुद्दे पर आज मीडिया से दोपहर 3 बजे चर्चा के लिए युवक कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी शिवसिंह चौहान मौजूद रहेंगे।

## कांग्रेसी रहे राष्ट्रीय पर्व पर मौजूद

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** विधानसभा 2 के हीरा नगर चौराहा पर झंडा वंदन का आयोजन किया गया। कांग्रेसियों ने रहवासियों को साथ में लेकर आयोजन किया। श्याम यादव, रामगोपाल हार्डिया के अलावा राधेश्याम मालवीय, सुभाष यादव, मनीष बैंडवाल, बब्बू यादव, अजय वर्मा, मनदीप जोशी, प्रदीप येगड़े, गोपाल बागेश्वर, ऋतुराज अहिरवार, अजय यादव, रुद्राक्ष यादव, राहुल यादव, नवल यादव, कमल कुशवाह, हुकुम सिंह, अरुण पटेल सहित अन्य मौजूद थे। आभार श्याम यादव ने माना।



# भाजपा कार्यालय में लहराया तिरंगा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर झंडावंदन का आयोजन किया। भाजपा जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी मौजूद थे। सुमित मिश्रा, शंकर लालवानी, महेन्द्र हार्डिया, रमेश मेंदोला, मधु वर्मा, कैलाश शर्मा, सुदर्शन गुप्ता, हरिनारायण यादव, नितिन शर्मा, भूपेन्द्र केसरी, जयदीप जैन, दीपक जैन टीनू सहित अन्य मौजूद थे।






## महापौर ने किया निगम में ध्वजारोहण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा गणतंत्र दिवस पर निगम प्रांगण में ध्वजारोहण किया गया। इसके पश्चात निगम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर कई एमआईसी सदस्य, पार्षद, अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# पूर्व विधायक ने किया तिरंगों का वितरण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** नेताजी सुभाष मंच एवं श्री गीता रामेश्वरम ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में गणतंत्र दिवस के अवसर पर युवा वर्ग में जनजागृति के लिए एनसीसी, एनएसएस, एयरविंग एवं स्काउट के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय झंडे की महत्ता बताते हुए अ. भा. कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल के आतिथ्य में स्कूलों में तिरंगे झण्डों का वितरण किया गया। इस अवसर पर आयोजनकर्ता मदन परमालिया एवं विनोद पटेल उपस्थित थे।



# सर्व धर्म सर्व जाति सामूहिक विवाह परिचय सम्मेलन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सर्व धर्म सर्व जाति सामूहिक विवाह परिचय सम्मेलन का आयोजन हंसदास मठ में किया गया। 500 प्रविष्टियां आई थी। पौधारोपण भी किया गया। राहुल निहोरे, सूरज गौहर ने बताया कि आयोजन में पूर्व मंत्री सज्जनसिंह वर्मा, पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल, चिंटू चौकसे, महेश गौहर, श्यामसुन्दर यादव, डॉ. इशरत अली, मोनू अनिया, रीटा डांगरे, अभय वर्मा, फादर एडविन जोसेफ, फादर पायस, सलीम शेख, रमेश गोमे, संतोषदेवी गौसर, सीमा नरवाले, राखी गौहर, बालकृष्ण करासिया, राजेन्द्र घोसरे, प्रमोद नामदेव, नितिन बैरवा, प्रकाश कुवाल सहित अन्य मौजूद थे।





## वरिष्ठ कांग्रेस नेता रहे मौजूद

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** संस्था दयासागर ने मल्हारगंज थाना के समीप झंडा वंदन आयोजन में वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रेम खडायता के अलावा पप्पू शर्मा, राजेंद्र जैन, मुक्कू अमरिया, चेतन वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

# पूर्व सांसद साध्वी ने शुरू कराई हिन्दू बैकरी



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। नरेन्द्र तिवारी मार्ग पर द हिन्दू बैकरी का शुभारंभ करने भोपाल की पूर्व सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह, संत श्रीधाम सरकार, अण्णा महाराज, दादू महाराज, दीपेश व्यास एवं हिन्द रक्षक के एकलव्यसिंह गौड़, हेमेन्द्रसिंह गौड़, कर्मवीर गौड़, धर्मवीरसिंह गौड़, रविन्द्रसिंह गौड़, देवेन्द्र ईनानी सहित अन्य मौजूद थे। महत्वपूर्ण बात यह है कि इस द हिन्दू बैकरी की दीवारों पर रामायण, महाभारत के श्लोकों के साथ ही कबीर के दोहों का भी बखूबी के साथ चित्रण किया गया एवं बहुत ही सुंदर सनातन धर्म के विभिन्न संप्रदायों के तिलक की बनी फोटो फ्रेम भी आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। शुभारंभ पर गाय-बछड़े को हरी घास खिलाकर बैकरी में प्रवेश किया गया था।

# बेटरमेंट टैक्स को लेकर मुख्यमंत्री और अधिकारी को पत्र

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। मध्य प्रदेश शासन द्वारा प्रस्तावित 'बेटरमेंट टैक्स' के विरोध में हाईकोर्ट एडवोकेट डॉ. पंकज वाधवानी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं प्रमुख सचिव, नगरीय प्रशासन विभाग, मध्य प्रदेश शासन को पत्र लिखा कि नगरीय क्षेत्रों में सड़क, नाली, जल-आपूर्ति, प्रकाश, पार्क एवं अन्य विकास कार्यों के कारण संपत्ति के मूल्य में वृद्धि को आधार बनाकर कोई नया कर लगाया जाना संविधान के मूल ढांचे के विपरीत है। विकास कार्य करना संविधान के अनुसार राज्य का दायित्व, ना कि टैक्स का आधार। उन्होंने कहा कि विकास कार्य करना राज्य सरकार का संवैधानिक दायित्व है, न कि ऐसा कार्य जिसके बदले नागरिकों पर अतिरिक्त कर का बोझ डाला जाए। संविधान के राज्य के नीति-निर्देशक तत्वों (अनुच्छेद 38, 39 एवं 41) के अंतर्गत राज्य का कर्तव्य है कि वह नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार करे। आगे चलकर यह वायु कर में भी बदल सकता है।

## कम्युनिस्ट पार्टी कार्यालय में ध्वजारोहण

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी कार्यालय शहीद भवन पर गणतंत्र दिवस मनाया गया। झंडावंदन भी किया गया। उक्त जानकारी रुद्रपाल यादव ने दी।

## तारिक खान ने किया 10 जगह झंडा वंदन

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। मुस्लिम समाज से जुड़े वरिष्ठ एवं कांग्रेस नेता ताकि खान ने कल 10 अलग-अलग जगहों पर ध्वजारोहण के आयोजन में बतौर अतिथि शिरकत की। उक्त जानकारी जितेन्द्र पाटिल ने दी।

## जमीनी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को आगे लाओ...

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। जमीनी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को आगे लगाओ संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीतू दीवान ने कल गांधी भवन झंडा वंदन के दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी से मुलाकात कर जमीनी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को आगे लाने, उन्हें संगठन में जगह देने की मांग की।

# विंध्य महोत्सव में वर्तमान और पूर्व जनप्रतिनिधि



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

विंध्याचल सोशल ग्रुप के वार्षिकोत्सव में बड़ी संख्या में विंध्यजनों ने उपस्थिति दर्ज कराई। महोत्सव में 10 सदस्यों को विंध्य गौरव अवार्ड से सम्मानित किया गया। मीडिया प्रभारी डॉ. आरएन मिश्रा ने बताया कि सांसद शंकर लालवानी, सिंगरोली सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, मंत्री तुलसीराम सिलावट, पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता भी मौजूद रहे और सांसद से इंदौर-रीवा ट्रेन को नियमित करने की मांग विंध्यजनों ने की। रीवा से आए कलाकारों ने विंध्य लोक गीत की प्रस्तुति दी। अवधेश तिवारी, डॉ. आरएन मिश्रा, अनिल सिंह तिवारी, वरुण द्विवेदी, आरएल द्विवेदी, सुनील सिंह बघेल, डॉ अरविंद शुक्ला, तरुणेंद्र सिंह बघेल, रामप्रसाद मिश्रा, सतीश दुबे, दिलीप मिश्रा, आरपी शर्मा, विवेक तिवारी, शिवानन्द शर्मा मौजूद थे।



## कटारिया ने कई जगह किया ध्वजारोहण

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। विधानसभा 5 के वार्ड 51 के पार्षद मलखानसिंह कटारिया ने कल कई जगह झंडा वंदन किया। स्कूल में भी वे ध्वजारोहण करने पहुंचे थे।



## शहीद कालानी प्रतिमा पर मौजूद रहे सांसद

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। कलेक्टर तिराहा शहीद हेमू कालानी प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद वहां ध्वजारोहण किया गया। लड्डुओं का वितरण भी हुआ। सांसद शंकर लालवानी, कंचन गिदवानी, विशाल गिदवानी, डॉ. संतोष वाधवानी, ऋषि सोलंकी, संजय पंजाबी, दयाल बजाज, कृष्णा वर्मा, पवन कुकरेजा सहित अन्य मौजूद थे।



## वालिया ने चढ़ाई चुनरी

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। विधानसभा 2 से जुड़े भाजपा नेता सुरजीतसिंह वालिया ने पेशवा घाट महेश्वर में माँ नर्मदा को 1100 मीटर लम्बी चुनरी अर्पित की। कन्याओं का पाद-पूजन भी किया, भंडारा का आयोजन भी हुआ। कई भाजपा नेता इस दौरान मौजूद रहे।

# 5 दिन काम को लेकर बैंकों में हुई हड़ताल

## पूरे प्रदेश में राष्ट्रीयकृत बैंकों के कर्मचारी हड़ताल पर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि




बैंकों में एक सप्ताह में 5 दिन कार्य की व्यवस्था को लागू करने की मांग को लेकर इन्दौर सहित पूरे मध्यप्रदेश में राष्ट्रीयकृत बैंकों के कर्मचारी आज हड़ताल पर है। हर शनिवार और रविवार को बैंक बंद रखी जाए। इस हड़ताल की पूर्व से सूचना दी हुई थी। आज हड़तालियों का यही कहना रहा कि पांच दिन कार्य की व्यवस्था से कार्य की स्थिति और बेहतर होगी। उल्लेखनीय है कि यह हड़ताल राष्ट्रव्यापी है और इसमें बैंक उद्योग के सभी नौ अधिकारी-कर्मचारी संगठनों के संयुक्त मंच 'यूनाइटेड फोरम आफ बैंक यूनियंस' के आव्हान पर देश सार्वजनिक क्षेत्र, निजी क्षेत्र, विदेशी बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों व सहकारी बैंकों के 8 लाख से अधिक संगठित बैंककर्मी आज हड़ताल पर है इसमें इंदौरी भी शामिल है।



## मंगलमूर्ति रहवासी संघ का आयोजन

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। मंगल मूर्ति रहवासी संघ के अध्यक्ष श्रवण वर्मा ने बताया कि पदाधिकारियों और रहवासियों की मौजूदगी में ध्वजारोहण किया गया।



## कृष्णा बाल मंदिर स्कूल में प्रस्तुतियां

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। श्रीकृष्णा बाल मंदिर स्कूल में विद्यार्थियों ने कल गणतंत्र दिवस पर एक के बाद एक कई देश भक्ति की प्रस्तुतियां सांस्कृतिक कार्यक्रम में दी। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष श्रवणसिंह चावड़ा, हरिनारायण यादव, देवेन्द्र शर्मा, अश्विनी शुक्ला, बनेसिंह डाबी, बहादुरसिंह डाबी, भगवान शर्मा, कमल धनगर, मनीष यादव की विशेष मौजूदगी रही। स्वागत देवकरण वर्मा ने किया। संचालन समिधा वर्मा ने किया।

## जैन संत के सानिध्य में ध्वजारोहण

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। दिगम्बर जैन समाजजनों ने संस्था के बैनरतले संत पूज्य सागर म.सा. के सानिध्य में ध्वजारोहण का आयोजन किया। नकुल पाटोदी, विनय बाकलीवाल, डीके जैन, वीरेन्द्र बड़जात्या सहित अन्य मौजूद थे।



## नाकोड़ा मंदिर परिसर में देशभक्ति आयोजन



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। नाकोड़ा पार्श्वनाथ जैन मंदिर गुमाश्ता नगर में ध्वजारोहण का आयोजन संतों के सानिध्य में किया गया। सुधीर सेठिया, मनीष सुराणा सहित अन्य मौजूद थे।

# भागीरथपुरा हादसे का असर निगम के गणतंत्र दिवस समारोह में नजर आया

**महापौर ने कहा-अब ऐसा हादसा नहीं होने देंगे इंदौर को आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता**

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

भागीरथपुरा में दूषित जल प्रदाय से 27 लोगों की मौत होने की घटना का असर इंदौर नगर निगम के गणतंत्र दिवस समारोह में नजर आया। इस समारोह में महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि अब इंदौर में इस तरह का हादसा नहीं होने देंगे। इंदौर को आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर निगम मुख्यालय प्रांगण में ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर अपने संबोधन में भार्गव ने कहा कि आज का दिन यह याद दिलाता है कि यह देश व्यक्ति से नहीं, संविधान और मजबूत प्रणालियों से चलता है। देश का सबसे स्वच्छ शहर इन्दौर लगातार 9 वीं बार स्वच्छता में सुपर से ऊपर रहेगा। स्वच्छता का महागुरु बनेगा यह हम सब का सकंल्प और विश्वास है। कुछ आलोचक कहते है इन्दौर यही थम सकता है इन्दौर के 35 लाख नागरिकों का स्वाभिमान कहता है, इन्दौर ना कभी रुका था, ना कभी रूकेगा, हमेशा और आगे बढ़ता जायेगा।

भार्गव ने कहा कि विगत दिनों भागीरथपुरा में हुए दुर्भाग्यशाली दुखद घटनाक्रम से हम सब व्यथित है। आँखो के सामने से दुखद दृश्य नही जाता है। हृदय वेदना से भर जाता है। इस दुर्घटना से सबक लेकर हमे भविष्य में ऐसे इन्दौर का सपना पूर्ण करना है जिसमें कभी ऐसी किसी घटना की पुनरावृत्ति न हो।

### अटल जी याद आ गए

भार्गव ने कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी ने लिखा है- युवक हार जाते है, पर यौवन कभी नही हारा, एक दिन का यह निमित्त नही, यह चिर संघर्ष हमारा - इन्दौर कभी सोता नही, इन्दौर कभी भुलता नही, इन्दौर सदैव चरैवेती-चरैवेती के सनातन सूत्र को अंगीकार कर सदैव आगे गतिमान रहता है। भगवान महांकाल, ओंकार जी, नर्मदा मैया और देवी अहिल्या बाई का आशीर्वाद सदैव हम पर है।

आज 21वीं सदी में दुनिया तेजी से बदल रही है। तकनीक और डिजिटल सिस्टम शासन और नागरिक जीवन दोनों को नई गति दे रहे हैं। इसी दिशा में हम डिजिटल युग में एक सशक्त Digital Governance Framework शासन को पारदर्शी, उत्तरदायी और भविष्य के लिए सक्षम व्यवस्था पर कार्य कर रहे है, जो न केवल व्यवस्था में सुधार करेगा अपितु विकास को गति प्रदान करेगा। रिकॉर्डस का डिजिटलीकरण, ऑनलाइन सेवाएँ, और डेटा-आधारित निर्णय प्रणाली शासन को और तेज़ व भरोसेमंद बना रही हैं। इसका उद्देश्य स्पष्ट है प्रक्रियाएँ सरल हो। सेवाएँ समय पर मिलें और शासन अधिक प्रभावी बनें। आज गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर हम संकल्प लेते हैं कि इंदौर को एक स्मार्ट, सशक्त और भविष्य की आवश्यकता का शहर बनाएँगे। इस कार्यक्रम में महापौर के द्वारा अच्छा काम करने वाले नगर निगम के कर्मचारियों को मोमेंटो देकर सम्मानित भी किया गया। इसके साथ ही शहरहित तथा विकास कार्यों में सहयोग पर समाजसेविका शोभा पेठनकर, शोभा वैद्य, रेखा जैन, लक्ष्मीकांत बंग, डॉ. विवेक जोशी, डॉ. राजेश का-सलीवाल, विजेन्द्र यादव, ज्योति सिंह स्व. उमेश ठाकुर, शुभम पिता ओमप्रकाश सावरिया, रवि यादव, यश पाराशर, अजीत नारंग, अतुल सेठ, अंशुल अग्रवाल, कर्नल मनोज बर्मन को प्रशस्ति पत्र मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

# किराए से चलने वाली आवासीय संपत्तियों पर कमर्शियल टैक्स लगाने की तैयारी

**नगर निगम आयुक्त ने दिए किराए से चलने वाली संपत्तियों की सूची बनाने के निर्देश**

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। शहर में बहुत बड़ी संख्या में आवासीय संपत्ति किराए से चल रही है एक तरह से रेंटल इनकम इंदौर में उद्योग की तरह फल फूल रहा है। मध्य प्रदेश की आर्थिक राजधानी के साथ ही शिक्षा व्यवसाय के लिए भी इंदौर जाना जाता है। यही कारण है कि यहां पर महंगे किराए से बड़ी इनकम होती है इसी को देखते हुए शहर के कई पॉश इलाकों के साथ ही पिछड़ी बस्तियों तक में किराया उद्योग तेजी से फल फूल रहा है वहीं मकान मालिक इससे मोटी कमाई करते हैं लेकिन नगर निगम को आवासीय टैक्स देते हैं। भवन स्वामियों की इसी आई को देखते हुए नगर निगम अब किराए से चलने वाले भवन ऑन पर कमर्शियल दरों से संपत्तिकर निर्धारण करने की तैयारी कर रहा है। इसके संकेत नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने दे दिए हैं। उन्होंने नगर निगम सीमा में आने वाले 22 जोन के सहायक राजस्व अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि अपने-अपने क्षेत्र में ऐसी संपत्तियों जो की किराए से चल रही है इसका सर्वे करके सूची तैयार की जाए हाला-कि पूरी स्कीम का खुलासा निगम आयुक्त ने फिलहाल नहीं किया है लेकिन यह इशारा जरूर कर दिया है कि भवन मालिक अब किराए पर मकान देकर मोटी इनकम करेंगे तो उन्हें कमर्शियल दर से संपत्ति कर भी चुकाना होगा।

सूत्रों के अनुसार शहर के 6 लाख से अधिक संपत्ति कर खातों में से 2 लाख संपत्तियां ऐसी है जो आवासीय है और भवन स्वामियों द्वारा इसे किराए पर चलाए जा रहा है। नगर निगम आयुक्त ने निगम की आय बढ़ाने के लिए यह बेहतरीन तरकीब जिससे नगर निगम की आई करोड़ों रुपए बढ़ सकती है और आम जनता पर टैक्स बढ़ाने की जरूरत भी नहीं पड़ेगी। यदि नगर निगम के जनप्रतिनिधि आय बढ़ाने की इस युक्ति को सकारात्मक रूप में लेकर आगे बढ़ाएं तो नगर निगम का खाली खजाना भर सकता है क्योंकि अभी तक शहर में किराए से चलने वाली संपत्तियों से होने वाली आय का 100 प्रतिशत हिस्सा मकान मालिकों की जेब में जाता है, इस पर वह टैक्स भी नहीं देते इसीलिए निगम आयुक्त कमर्शियल दरों से टैक्स वसूल कर निगम का खजाना भरने की योजना पर विचार कर रहे हैं, फिलहाल यह योजना वास्तविक रूप से धरातल पर कितनी उतरती है यह आने वाला समय बताएगा। संपत्ति का सर्वे और उसकी रिपोर्ट भी इसके लिए मुख्य आधार होंगे। नगर निगम अधिकारी इस सर्वे रिपोर्ट के आधार पर महापौर सहित अधिकारियों को विश्वास में लेकर काम करेंगे।

इंदौर शहर में बड़ी संख्या में पूरे प्रदेश एवं अन्य राज्यों से लोग पहुंच रहे। यहां लोग मजदूरी करने से लेकर कॉरपोरेट सेक्टर में नौकरी और व्यवसाय दोनों के लिए पहुंच रहे, जिसके चलते इंदौर में ऑफिस से लेकर दुकान और घर किराए पर लेने के लिए लोग हरदम तैयार रहते हैं इसीलिए बड़ी मात्रा में नए मकान बन रहे हैं, रेंटल प्रॉपर्टी की डिमांड नगर निगम सीमा के अंदर और बाहर दोनों ही क्षेत्र में है। ऐसी स्थिति में 1000 से 50000 रुपये प्रतिमाह रेंट वाली संपत्तियों की डिमांड इंदौर में बनी हुई है।

# हरियाली के लिए लगाए गए 50 हजार पेड़ काटे जाएंगे

**प्रदेश सरकार ने जारी किया आदेश, इंदौर सहित पूरे प्रदेश में दो प्रजाति के पेड़ की होगी कटाई**

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

हर साल बारिश के मौसम में पूरे प्रदेश में लाखों पौधे रोपित करते हुए क्षेत्र को हरित बनाने का सपना देखा जाता है इस सपना के बीच ही मध्य प्रदेश सरकार ने एक आदेश जारी किया है। इस आदेश में पूरे प्रदेश में दो प्रजाति के पेड़ों की कटाई करने के निर्देश दिए गए हैं। इन दो प्रजाति के कम से कम 50000 पेड़ है। यह सभी पेड़ बहुत बड़े और समृद्ध है। अब आधिकारिक तौर पर इन सभी पेड़ों की कटाई होगी।

हमेशा सरकार की ओर से पौधा रोपित करने और उनकी देखभाल करने का अभियान शुरू किया जाता है। ऐसा पहली बार हो रहा है जब सरकार की ओर से आधिकारिक तौर पर किसी विशेष प्रजाति के पेड़ की कटाई का अभियान शुरू करने का ऐलान किया गया है। प्रदेश सरकार के नगरीय प्रशासन विभाग के द्वारा एक परिपत्र जारी कर इंदौर सहित सभी नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत के अधिकारियों से कहा गया है कि वह उनके अपने क्षेत्र में पेड़ों की कटाई का यह अभियान चलाएं। इस अभियान में कोनोकॉर्पश व सत्पर्णी के पेड़ काटे जाएंगे।

सरकार के द्वारा 25 साल पहले इंदौर सहित पूरे प्रदेश में बेहतर हरियाली के लिए यह पेड़ लगाए गए थे। जिस समय पर पेड़ लगाए गए थे उस समय पर भी इस प्रजाति के पेड़ को अच्छा नहीं माना जाता था। उस समय पर भी यह कहा जाता था कि कोनोका-र्पश का पेड़ जमीन के अंदर के पानी को खींच लेता है और जमीन को सूखी बनाता है। इसके कारण जमीन के अंदर का पानी का स्तर और ज्यादा नीचे चला जाता है।

पिछले दो दशक के दौरान इस प्रजाति के कई पेड़ों की घोषित और अघोषित तौर पर इंदौर में तो कटाई हुई है। यह पेड़ जब भी जहां भी लगा हुआ नजर आया तो वहां जागरूक लोगों के द्वारा इस पेड़ पर आपत्ति लेते हुए उसकी कटाई करने का काम किया गया। नगर निगम ने भी आधिकारिक अनुमति देने के बजाए आंख मींचकर यह कटाई होने दी।

अब राज्य सरकार के द्वारा इन दोनों तरह के पेड़ को पूरे प्रदेश में अभियान चला कर काटने का निर्देश दिया गया है। यह पहला मौका है जब इस तरह से आधिकारिक तौर पर पेड़ कटाई का अभियान शुरू हो रहा है। इस अभियान में इंदौर में भी करीब 4000 पेड़ों की कटाई की जाएगी। शासन की ओर से आदेश जारी होने के बाद अब सबसे पहले तो इन दोनों प्रजाति के पेड़ की गणना का कार्य किया जाएगा। उन सभी स्थानों को चिन्हित किया जाएगा जहां पर इस प्रजाति के पेड़ लगे हुए हैं। इसके बाद में इन पेड़ों की कटाई का काम होगा।

### बारिश आने तक पूर्ण हो जाएगा यह अभियान

सरकार के द्वारा शुरू किया जा रहा पेड़ कटाई का यह अभियान बारिश का मौसम आने के पहले पूरा कर लिया जाएगा। इसके लिए आज मंगलवार से ही स्थानीय निकाय के कार्यालय में हलचल शुरू हो जाएगी। अब यह तय किया जाएगा कि किन स्थानों पर यह पेड़ लगे हैं उन स्थानों को सूचीबद्ध करने का कार्य किस तरह से कब से शुरू किया जाएं।

### जान के लिए भी खतरा है यह पेड़

प्रदेश सरकार के द्वारा जिस पेड़ की कटाई का अभियान शुरू किया जा रहा है वह पेड़ आम नागरिकों की जान के लिए भी खतरा है। दरअसल इस पेड़ के कारण वातावरण में ऐसे कण आ जाते हैं जो की व्यक्ति को सांस की बीमारी का मरीज बना देते हैं। ऐसे में कई लोग अस्थमा जैसी बीमारी के शिकार हो जा-ते हैं। इस बीमारी का कहीं कोई उपचार अभी भी मौजूद नहीं है। इस बीमारी के मरीजों से यही कहा जाता है कि वह दवाई लेते इसके साथ ही अपना बचा हुआ जीवन गुजार लें।

## मास्टर प्लान की सड़कों पर निगम का फोकस

# सुभाष मार्ग और जिंसी में बनाई जाने वाली सड़कों के मौके को देखा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। इंदौर नगर निगम के द्वारा मास्टर प्लान के प्रावधान के तहत बनाई जाने वाली सड़कों पर फोकस कर लिया गया है। यही कारण है कि नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल हर दिन सुबह इन सड़कों की स्थिति को देखने के लिए निकल रहे हैं। सिंघल द्वारा आज शहर में मास्टर प्लान अंतर्गत निर्माण होने वाली सड़कों का स्थल निरीक्षण किया गया। जिंसी चौराहा से लक्ष्मीबाई प्रतिमा तक 7.37 करोड़ रु. की लागत से बनने वाली सड़क, नेमिनाथ चौराहे से जिंसी चौ-राहे तक 3.46 करोड़ रु. की लागत से बनने वाली सड़क, सुभाष मार्ग गोल मंदिर से रामबाग पुल तक 20.14 करोड़ रु. की लागत से बनने वाली सड़क तथा एयरपोर्ट



रोड से एम.आर.-5 को जोड़ने वाली 30.27 करोड़ रु. की लागत से बनने वाली लिंक रोड का निरीक्षण किया गया। नि-रीक्षण के दौरान आयुक्त श्री सिंघल द्वारा सड़कों के संबंध मे विस्तृत जानकारी ली गई। सड़क निर्माण में बाधक अतिक्रमणों के संबंध में भी जानकारी ली गई। आयुक्त ने निर्देश दिए कि मास्टर प्लान की सड़कों को बनाने के संबंध में समयबद्ध योजना बनाई जाए और उसी अनुरूप कार्य किया जाए। सड़क निर्माण के दौरान नर्मदा लाइन, सीवरेज लाइन, स्ट्राम वाटर लाइन अन्य यूटिलिटी का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। सिंघल द्वारा खड़ा गणपति से टिगरिया बादशाह सड़क का सीमांकन का काम आर आई, पटवारी से समन्वय कर शीघ्र करने के निर्देश दिए। साथ ही एम आर 4 भंडारी ब्रिज से बाणगंगा रेलवे क्रॉसिंग तथा आर डब्लू 1 बाणगंगा रेलवे क्रॉसिंग से आईएसबीटी तक 30 मीटर चौड़ाई सड़क मार्ग का निरीक्षण किया।

## तळी भंडार का आयोजन



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। श्री मल्हारी मार्तंड, श्री महाराष्ट्र चर्मकार समाज 'जय मल्हार सदन' नार्थ हरसिद्धि में तळी-भंडार व प्रसाद वितरण किया गया।दिनेश शिंदे, रवि हटकर,सुभाष चव्हान, सच्चितानंद गवली, रविंद्र पिंगले, जयंत खानविलकर सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

## पुस्तक का विमोचन



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। संत गुरुदेव ललित प्रभ महाराज द्वारा रमेश सोजतिया की पावन स्मृति में पुस्तक नई सोच नई उड़ान का विमोचन किया गया।

## क्षत्रिय मराठा सोश्यल ग्रुप ने किया सम्मान

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। गिरिश चव्हाण, पूर्णिमा चव्हाण ने बताया कि क्षत्रिय मराठा सोश्यल ग्रुप द्वारा लगातार पच्चीस वर्षो से सेवा कार्य करने वाले उत्कृष्ट सेवाभावियों का सम्मान का आयोजन किया गया।





## जैन दम्पति सदस्य पहुंचे फिल्म देखने

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप इंदौर नोबल द्वारा गणतंत्र दिवस के मौके पर अपने ग्रुप के 100 सदस्यों को मंगल सिनेमा में बॉर्डर 2 मूवी दिखाई गई। मूवी शो में सभी सदस्य तिरंगा थीम के कलर कोड में उपस्थित हुए।राकेश सपना बांठिया, अशोक लता कांकरिया, विशाल रश्मि संघवी ने अपनी भूमिका निभाई।

## व्यास का सम्मान

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। नगर निगम में कल गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण के बाद किए सम्मान के आयोजन में महापौर पुष्यमित्र भार्गव, आयुक्त क्षितिज सिंघल, एमआईसी सदस्य नन्दकिशोर पहाड़िया ने सेवाकर्मी शिवलाल व्यास को अच्छे कार्य पर सम्मानित किया।



## ब्राह्मण महिलाओं ने किया यमुनाष्टक का पाठ

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। पुष्करणा ब्राह्मण महिला मंडल द्वारा नर्मदा चौराहा पर यमुनाष्टक का पाठ किया। प्रसादी भी ग्रहण की। संगीता पवन ने उक्त जानकारी दी।



## 150 से अधिक मस्जिदों में फहराया तिरंगा

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। सुन्नी अइम्मा काउंसिल मौलाना तर्बरेज़ अज़हरी ने बताया कि इंदौर की 150 से अधिक मस्जिदों में तिरंगा फहराकर गणतंत्र दिवस मनाया गया। मस्जिदों के इमाम, कमेटी सदस्य भी मौजूद रहे।




## वेल्यूअर्स का सेमिनार

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। इंडियन इंस्टीट्यूशन ऑफ़ वेल्यूअर्स के राष्ट्रीय सेमिनार के तीन दिवसीय आयोजन में राज्यों के 150 से अधिक वेल्यूअर्स ने शिरकत की। शुभारम्भ पर पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन भी पहुंची थी। अरविन्द अग्रवाल, शेख अमीन, पराग कुलकर्णी ने अपनी भूमिका निभाई। वेल्यूअर्स ने सराफा और 56 दुकान पहुंचकर इंदौर का स्वाद भी लिया। कल कार्यक्रम का समापन हुआ।

## राजपूत समाजजन बड़ी संख्या में रहे मौजूद

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। राजपूत समाज द्वारा आयोजित युवक-युवती परिचय सम्मेलन में राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने, दहेजमुक्त एवं सादगीपूर्ण विवाह पद्धति अपनाने, नशामुक्त समाज निर्माण तथा बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। राजपूत परिषद जिला इंदौर द्वारा चिमनबाग स्थित स्काउट ग्राउंड मैदान पर अखिल भारतीय विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया किया गया। जिसे समाज का महाकुंभ कहा गया। यह पूरा कार्यक्रम निःशुल्क किया गया तथा परिचय पुस्तिका परिणय- सेतु का विमोचन भी आयोजन स्थल पर ही किया गया। राजपूत परिषद के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद सिंह ठाकुर और जिला अध्यक्ष ठाकुर रामसिंह दीखित ने बताया कि सम्मेलन में संत रामजी महाराज, मंत्री तुलसीराम सिलावट, विधायक गोलू शुक्ला, पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय, जीवन सिंह शेरपुर, ऋषि राज सिंह सिसोदिया, शैलेन्द्र सिंह झाला, अर्पिता सिकरवार,जयसिंह पंवार, महेंद्र सिंह बैस, शैलेन्द्र सिंह दीखित, ऋषभ सिंह चौहान, कार्तिक सिंह दीखित, कुणाल सिंह दीखित, संस्कार सिंह दीखित, अर्पिता सिकरवार मौजूद थे। बडी संख्या में देश प्रदेश के साथ इन्दौर के भी राजपूत समाजजन सैकडों की संख्या में मौजूद रहे। इस निशुल्क आयोजन की सभी समाजजनों ने प्रशंसा की।






## एमके जैन को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। श्री दुर्गा ज्योतिष अनुसंधान संस्था द्वारा ज्योतिष वास्तु महासम्मेलन में एमके जैन, हरिओम जोशी, डॉ. राजकुमार अग्रवाल, प्रकाश गौड़, संजय शर्मा, संतोष भार्गव, कृपाराम उपाध्याय को लाइप टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया। इस दौरान दिलीप राजपाल, त्यागीबाबा कामाख्या, जितेंद्र गुप्ता अतिथि थे। जुगलबाबा, शिव मेहता, मीना नाहटा, ईशा जैन, भरत शर्मा, डॉ. अंकिता परिहार, ज्योति सिंगोड, आनंद वरदानी, गिरिश शर्मा, दीपक जोशी, हरिओम जोशी ने अपनी भूमिका निभाई।



## आर्ट फेस्टिवल आयोजन

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। गांधी हॉल परिसर में कल स्तंभ द्वारा तीन दिवसीय आर्ट फेस्टिवल का आयोजन किया गया। तीन दिनों में अच्छे प्रतिसाद दिखे और लोगों ने पहुंचकर आर्ट कला को देखा।

## रंग-ए-ग़ज़ल का लोकार्पण



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। शायर हरीश साथी की कृति गजल संग्रह रंग-ए-गजल का विमोचन किया गया। सत्यनारायण सत्तन, डॉ. योगेन्द्रनाथ शुक्ल, अनवर सादकी, रशीद अहमद शेख के आतिथ्य में आयोजन हुआ। शरद जोशी, सुनील वर्मा, विकास जोशी, बालकृष्ण शाद, डॉ. सुरेखा भारती, ब्रजमोहन शर्मा, जयनारायण पाटीदार, मनोहरलाल सोनी मौजूद थे।

## बोहरा समाज ने किया साइक्लोथॉन आयोजन



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। धर्मगुरु के निर्देश पर बोहरा समाजजनों ने साइक्लोथॉन का आयोजन किया। 350 प्रतिभागियों ने भाग लिया। साइकल का सफर 28 किलोमीटर का आने-जाने का रहा। मज़हर हुसैन सेठजी वाला, सादिक खान, शेख सैफुद्दीन भाई मद्रासवाला, करतार वालवानी, डॉ. विवेक जोशी, वेंकटेश्वरुलु मरापका, डॉ. मुफद्दल रसीवाला, राहुल दुबे, यूसुफ उज्जैन वाला की उपस्थिति में आयोजन हुआ।






## सर्वोदय स्कूल में हुआ देशभक्ति का आयोजन




**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सर्वोदय बाल विनय मंदिर सदर बाजार स्कूल में कल गणतंत्र दिवस पर देश भक्ति के आयोजन में पहले झंडा वंदन किया गया। फिर विद्यार्थियों ने देश भक्ति पर आधारित उद्बोधन दिए एवं देशभक्ति पर ही आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। इस दौरान महेश मूंगड़, संगीता मूंगड़, मुकेश सारडा, प्राचार्य सोनाली दुबे, मीराया शारदा सहित अन्य मौजूद थे।



## कसेरा बाजार स्कूल के विद्यार्थियों की प्रस्तुति एवं ध्वजारोहण



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री कसेरा बाजार विद्या निकेतन स्कूल में गणतंत्र दिवस पर बड़ी संख्या में बर्तन व्यवसायियों और ट्रस्ट संचालक मंडल पदाधिकारियों ने शिरकत की। विद्यार्थियों ने देश भक्ति पर आधारित प्रस्तुति दी एवं उद्बोधन भी दिए। महेश मूंगड़, सुरेन्द्र मेहता, कन्हैयालाल साधवानी, प्रकाश कुकरेजा, विजय शादिजा, राजेश मित्तल लाला, राजेश मूंगड़, मनोहर भूतड़ा, प्रहलाद वर्मा पप्पू, मुरलीधर नवाल, राज अग्रवाल, रामू अग्रवाल, जीवन परियानी, वैभव बड़जात्या, राहुल गुप्ता, मोनू बड़जात्या, दिनेश नीमा, प्रीतेश भूतड़ा, गोविंद भूतड़ा, सुरेश जाजू, राजू उपाध्याय, पुरुषोत्तम बंसल, रवि पाराशर, अक्षय जैन, हीरा रहेजा, ओमप्रकाश अजमेरा, मोहन भूतड़ा, विजय गट्टानी, धर्मेन्द्र जैन मुन्ना, पंकज चिचाणी एवं प्राचार्य वर्षा झंवर, उपप्राचार्य नेहा श्रीधर सहित अन्य मौजूद थे।

## लक्ष्मीकांत बंग का सम्मान



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। माहेश्वरी समाज और गुजराती कॉलेज परिवार से जुड़े लक्ष्मीकांत बंग को सेवाकार्य पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव, निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने सम्मानत कर प्रशस्ती पत्र भी प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि लक्ष्मीकांत बंग कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों के लिए परीक्षा के पूर्व तैयारियां सेशन भी चलाते हैं। कई माहेश्वरी समाजजनों के अलावा गुजराती कॉलेज से जुड़े पूर्व छात्रों ने भी इस सम्मान उपलब्धि पर बधाई दी है।

### बोहरा समाजजनों ने भी दिखाई देशभक्ति



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। गणतंत्र दिवस पर कल बोहरा समाजजनों ने ध्वजारोहण का आयोजन किया। मजहर हुसैन सेठजीवाला, ताहेर रतलामवाला, सादिक खान, सकीना पर्दावाला सहित अन्य मौजूद थे। बुरहानी गार्ड्स ने राष्ट्रीय धुन बजाई। ध्वज को सलामी दी। अलग-अलग बोहरा बाहुल्य क्षेत्र में झंडा वंदन के आयोजन हुए।



## आटो रिक्शा चालक संघ का आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भगवा ऑटो रिक्शा चालक संघ ने कल मंगल पाण्डे फूटीकोठी चौराहा पर ध्वजारोहण, भारत माता पूजन का आयोजन किया। देशभक्ति पर आधारित गीतों की प्रस्ततियां भी हुई। वीरेन्द्रकुमार त्रिपाठी ने बताया कि कार्यक्रम में योगेश्वरदास महाराज, रकमसिंह सैनी, सोहन जोशी, राजेश शुक्ला, देवदार रावत, ज्योति तोमर, शैलजा मिश्रा, मयूरी शर्मा, नीलम दुबे, लक्ष्मीनारायण जोशी, जितेन्द्र शर्मा, आशीष शर्मा, महेन्द्रसिंह सिसोदिया, अनिल साहू, केशव शर्मा, दिनेश क्षिरसागर, रोहित काटारिया, लालसिंह किर, सुनील मेहता, विकास टिकलिया, इन्दरसिंह चौहान, पन्नालाल बिंदोलिया, राजेश इंचुलकर, राजेन्द्र फुलवरे, कमल चौहान, सुनील साहू, संजय साहू, कमल राठौर, नानूराम झल्ले, महिमाराम सावले सहित अन्य मौजूद थे।

## भगवती स्कूल में हुआ झंडावंदन




**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** भगवती कान्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल हातोद में गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण किया गया। सैनिक और अलग-अलग वेशभूषा में आए बच्चों को पुरस्कार वितरण भी किए गए। बच्चों ने नाटक मंचन भी किया। विद्यालय के संचालक पुलक गुप्ता, रुचिका गुप्ता, प्राचार्या, उपप्राचार्या कीर्ति राठौर द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर श्रद्धा वर्मा, मंजू बैस, प्रतिभा मूले, प्रीति कापसे, राखी करडे, चित्राली गोयल, राजबाला मिश्रा, दीपा जोनवाल, अंकिता जैन, वर्षा जारवाल, अंजलि जारवाल, आकांक्षा कुमावत, संगीता चौहान, चांदनी चौहान, शबनम खान, कुमुद येवले, कीर्ति जोशी, अंजना शर्मा, शिवानी सोलंकी, अभय जैन, निलेश चौहान, मथुरा प्रसाद मैना, विकास केशवाल, शुभम चौहान, कुंदन चौहान, आदित्य मंत्री शिक्षकगण मौजूद थे।



## हनुमानजी का तिरंगा शृंगार

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। सुभाष चौक राजवाड़ा स्थित रामभक्त हनुमानजी का कल विशेष शृंगार तिरंगा स्वरूप में किया गया।**

## प्रेस परिसर में झंडावंदन और राष्ट्रीय गीत



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** न्यू देवास रोड स्थित इंदौर समाचार प्रेस परिसर में झंडा वंदन का आयोजन कल गणतंत्र दिवस पर किया, राष्ट्रीय गीत की प्रस्तुति भी हुई। राहुल निहोरे, महेश गोहर, नरेन्द्र कुरील, अशोक द्विवेदी, देवेन्द्र साहू, पूनम यादव, सलीम शेख, मीना श्रीवास्तव, शाकिर नक्सबंदी, ललित शर्मा, रितु छाबड़ा, ज्ञानी रायकवार, सलमान, राजू मौजूद थे।



## किंडर बड्स स्कूल में उत्सव

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कल राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस पर किंडर बड्स स्कूल में ध्वजारोहण के अलावा देशभक्ति पर आधारित प्रस्तुतियां भी विद्यार्थियों ने दी। नाटक, नृत्य और उद्बोधन के आयोजन भी हुए। डॉ. धीरज हासीजा, डॉ. दीपिका हासिजा, लक्ष्य हासिजा, दीपिका बिंदल, मीत सिंदूरिया, अध्यापक, विद्यार्थी सहित अन्य मौजूद थे।



## भैयाजी हास्य और योगा ग्रुप का आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। नार्थ राजमोहल्ला स्थित झोन के पास गार्डन में भैयाजी हास्य एवं योगा ग्रुप से जुड़ी मातृशक्तियों ने ध्वजारोहण का आयोजन किया। साथ में पुरुष सदस्य भी मौजूद रहे। झंडा वंदन के बाद देशभक्ति के गीतों पर खुशी का इजहार नृत्य के साथ किया गया।**

# जगह-जगह हुआ ध्वजारोहण का आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। कल राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस पर इन्दौर में सैकडों जगह पर देशभक्ति का जज्बा ध्वजारोहण के रुप में दिखा। कहीं मोती चूर के लड्डू तो कहीं पेडे का वितरण भी हुआ। भारत माता के जयकारे भी लगे।**



## माहेश्वरी फ्रेंड्स ग्रुप की शपथ विधि

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** माहेश्वरी फ्रेण्डस ग्रुप के नए पदाधिकारियों की शपथ विधि में देशभक्ति पर आधारित फिल्मी संगीत का आयोजन किया गया। सुरेश-जमना राठी, अनिल सुधा भूतडा, रंगनाथ मीना मालू, आर.एल माहेश्वरी, एसएन गदिया, सीमा सोमानी, हेमन्त आगार सहित अन्य मौजूद थे।



## प्रेस क्लब में मीडिया कर्मी रहे मौजूद

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। इंदौर प्रेस क्लब में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण किया गया। बडी संख्या में मीडिया कर्मी मौजूद रहे। दीपक कर्दम, प्रदीप जोशी, संजय त्रिपाठी, अरविन्द तिवारी, अभिषेत चेंडके, मुकेश तिवारी, अभय तिवारी, श्याम कामले, विजय भट्ट, कीर्ति राणा सहित अन्य मौजूद थे।



## गोपाल निवास चौराहा पर तिरंगा ध्वज वितरण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** गोपाल निवास चौराहा मल्हारगंज पर तिरंगे ध्वज का वितरण किया गया। राकेश शास्त्री, टीना शास्त्री, ओमप्रकाश वर्मा, राजकुमार शर्मा, उमेश परेख, योगेन्द्र तिवारी, हेमंत शास्त्री, सरिता तिवारी, दिलीप जैन सहित अन्य मौजूद थे।

## इंदौर रिटेल गारमेंट्स एसोसिएशन का ध्वजारोहण



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। इंदौर रिटेल गारमेंट्स एसोसिएशन द्वारा ध्वजारोहण कार्यक्रम संस्था के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों की मौजूदगी में किया गया। अक्षय जैन, राजेश जैन, पवन पंवार, राजेंद्र राठौर, अभिषेक डोसी, प्रथम डागा, लाभमल जी, सचिन सुराणा, गौरव जैन, भावेश ठक्कर, मुरली जी, यश सोनी, चेतन जी डेमला, मिलन जैन, बंटी अग्रवाल, राजा वीएस मौजूद थे।**



## माताजी का विशेष श्रृंगार

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** गुप्त नवरात्रि चल रही है और इसी कडी में कल गोराकुण्ड चौराहा स्थित माताजी का श्रृंगार देशभक्ति पर आधारित किया गया।



## सेवा फाउंडेशन ने की भारत माता की आरती

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्रीलक्ष्मी श्रीमन्नारायण इंटरनेशनल सेवा फाउंडेशन द्वारा गणतंत्र दिवस पर विश्व हिंदू महासंघ मध्य प्रदेश कार्यालय पर ध्वज वंदन ध्वजारोहण का आयोजन किया। भारत माता की आरती भी की गई। राजनाथ योगी, पीयूष पुरोहित, राजेश शर्मा, संदीप गुप्ता, सुधीर सोलंकी, नरेन्द्र मूलचंदानी, अभिषेक जोशी, श्याम जोशी, आचार्य सुरेशानंद, राजेश मिश्रा, जोगेन्द्रसिंह कुशवाह, अमरसिंह यादव सहित अन्य मौजूद थे।

## बलाई समाजजन रहे मौजूद



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** गणतंत्र दिवस पर्व पर वार्ड 76, भिचौली हप्सी स्थित मालवीय बलाई समाज धर्मशाला में तिरंगा झंडा के साथ नीला झंडा भी लहराया। बहुजन समाजसेवी बन्ना मालवीय अंबेडकर ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में कई बलाई समाजजन और अन्य भी मौजूद रहे जिनमें सीमा मालवीय, निर्भयसिंह चौहन, देवकरण मालवीय, तेजराम मालवीय, हजारीलाल चौहान,कैलाश सिसोदिया ,बाबूलाल मालवीय, कैलाश चौहान, महेश चौहान, संजू मालवीय, लखन चौहान, राकेश चौहान, सुरेश लाइनमैन, बलराम चौहान, अशीष मालवीय, राहुल मालवीय, दिलीप मौर्य,पप्पू पटेल, सोनू परमार, राहुल चौहान, डॉ सुशील मालवीय, प्रदीप मरमट उपस्थित थे।



## मां नर्मदा का अभिषेक

**खरगोन ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। नर्मदा जयंती के पावन अवसर पर पूर्व मंत्री एवं विधायक सचिन यादव ने ग्राम बामखल एवं रायपुरा के मध्य स्थित माँ नर्मदा की मुख्य नहर पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। महेश शर्मा के सान्निध्य में दुग्धाभिषेक कर मां को चुनरी भी अर्पण की गई।**

## खजराना दरगाह मैदान पर आयोजन



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। सर्व वेलफेयर कमेटी ने कल गणतंत्र दिवस पर खजराना दरगाह मैदान पर ध्वजारोहण का आयोजन किया। शहर काजी डॉ. इशरत अली, फायर पायर मसीह, डॉ. रिजवान पटेल, अनीस कादरी, सहित अन्य मौजूद थे। बच्चों को मिठाई वितरित की गई।**

## मुस्लिम समाजजनों ने भी दिखाई भक्ति



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** बम्बई बाजार चौराहे पर गणतंत्र दिवस के मौके पर एपीजे अब्दुल कलाम फाउंडेशन की ओर से झंडा वंदन किया गया। बडी संख्या में मुस्लिम समाजजन मौजूद रहे। रेहान शेख, इस्माइल खान, अशफाक हुसैन, महफूज पठान, शाबिर हाशमी, शाहिद साबरी, मुश्ताक बाबा वारसी, शकिरा मुन्ना, असलम खान, अयूब पठान, जमील पेंटर, यूसुफ राजा, शब्बीर खान, साजिद अंसारी सहित अन्य मौजूद थे।

## संपादकीय

# भारत और यूरोपीय संघ के बीच ऐतिहासिक व्यापार समझौता, तरक्की के खुलेंगे नए रास्ते

भारत-ईयू का यह समझौता इसलिए भी अहम होगा, क्योंकि माना जा रहा है कि इससे अमेरिका की शुल्क नीति के प्रभाव से निपटने के लिए भारत और यूरोपीय देशों के बीच साझा एवं व्यापक दृष्टिकोण विकसित होगा। बदलते दौर में भू-राजनीतिक उथल-पुथल के बीच भारत अपनी आर्थिक और रणनीतिक साझेदारी बढ़ाने के लिए विभिन्न देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते करने की राह पर आगे बढ़ रहा है। इसी क्रम में अब भारत और यूरोपीय संघ के बीच ऐतिहासिक समझौता होने वाला है, जिसकी घोषणा द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन में किए जाने की संभावना है। इसके तहत रक्षा क्षेत्र, समुद्री सुरक्षा एवं आतंक के खिलाफ साझा मोर्चेबंदी, भारतीय और यूरोपीय नागरिकों की आसान आवाजाही तथा वस्त्र उद्योग एवं प्रौद्योगिकी जैसे महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग के नए द्वार खुलेंगे। यह समझौता इसलिए भी अहम होगा, क्योंकि माना जा रहा है कि इससे अमेरिका की शुल्क नीति के प्रभाव से निपटने के लिए भारत और यूरोपीय देशों के बीच साझा एवं व्यापक दृष्टिकोण विकसित होगा।

अनुमान है कि इस समझौते से दो अरब लोगों का एक ऐसा बाजार बनेगा, जो वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का लगभग एक चौथाई हिस्सा होगा। इससे न केवल भारत के निर्यात को गति मिलेगी, बल्कि यहां के पेशेवरों के लिए यूरोपीय देशों में रोजगार पाने का रास्ता भी सुगम हो जाएगा। इसमें दोराय नहीं कि अमेरिका की ओर से भारत पर पचास फीसद शुल्क लगाए जाने के बाद देश का निर्यात कारोबार प्रभावित हुआ है। नतीजतन, भारत अपने उत्पादों के लिए दुनिया के विभिन्न देशों में वैकल्पिक बाजार तलाशने के हर संभव प्रयास में जुटा है। हाल ही में भारत ने न्यूजीलैंड के साथ मुक्त व्यापार एवं व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते को अंतिम रूप दिया है। इससे पहले ब्रिटेन और ओमान के साथ व्यापार समझौते किए गए थे। यूरोपीय संघ के साथ भारत ने मुक्त व्यापार समझौते के लिए बातचीत पहली बार वर्ष 2007 में शुरू की थी, लेकिन कुछ मसलों पर आपसी सहमति न बनने के कारण वर्ष 2013 में बातचीत स्थगित कर दी गई थी। जून, 2022 में वार्ता को फिर से आगे बढ़ाया गया, जो निर्णायक रही। अंतरराष्ट्रीय व्यापार से जुड़े जानकारों का मानना है कि यह ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौता कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने में गुणात्मक बदलाव लाएगा। माना जा रहा है कि शिखर सम्मेलन में मुक्त व्यापार समझौते को मंजूरी देने के अलावा दोनों पक्ष रक्षा ढांचागत समझौता और एक रणनीतिक एजंडा भी प्रस्तुत करेंगे। गौरतलब है कि भारत और यूरोपीय संघ वर्ष 2004 से रणनीतिक साझेदार रहे हैं। प्रस्तावित सुरक्षा एवं रक्षा साझेदारी दोनों पक्षों के बीच सहयोग को और गहरा करने में सहायक होगी। इससे रक्षा क्षेत्र में आपसी तालमेल बढ़ेगा और भारतीय कंपनियों के लिए यूरोपीय संघ के 'सेफ' (सिक्योरिटी एक्शन फार यूरोप) कार्यक्रम में भागीदारी के रास्ते खुलेंगे। विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक समझौते से देश के वस्त्र निर्यात को भी प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है। यूरोपीय संघ दुनिया का सबसे बड़ा परिधान बाजार है। वर्तमान में भारत इस क्षेत्र में 4.5 अरब डालर से अधिक मूल्य के परिधानों का निर्यात करता है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में यूरोपीय संघ के साथ भारत का कुल वस्तु व्यापार लगभग 136 अरब अमेरिकी डालर का था, जिसमें निर्यात की हिस्सेदारी करीब 76 अरब अमेरिकी डालर थी। अब बहु-प्रतीक्षित मुक्त व्यापार समझौते पर मुहर लगने से निश्चित रूप से द्विपक्षीय व्यापार को एक नई दिशा मिलेगी और भारत के निर्यात कारोबार पर अमेरिकी शुल्क के प्रभाव को कम करने में भी काफी मदद मिलेगी।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 159700 | 158300 |
| सिल्वर कैश | एमसीएक्स |
| 334000 | 352800 |

▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# मराठी जत्रा में सुरक्षा की पोल खुली

## बदमाशों ने फोड़े चार कारों के कांच, 50 हजार से भरा पर्स ले उड़े

**इंदौर।** अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र के दशहरा मैदान पर चल रहे प्रतिष्ठित 'मराठी जत्रा' महोत्सव में रविवार रात बदमाशों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। थाने से महज कुछ ही दूरी पर स्थित पार्किंग स्थल में बदमाशों ने चार कारों के कांच फोड़ दिए और एक कार से करीब 50 हजार रुपये की नकदी वाला पर्स लेकर फरार हो गए। इस घटना से मेला परिसर में हड़कंप मच गया और पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

पुलिस के मुताबिक, घटना रविवार रात करीब 9:30 बजे की है। मराठी व्यंजनों और संस्कृति का आनंद लेने के लिए जत्रा में भारी भीड़ उमड़ी थी। इसी का फायदा उठाकर अज्ञात बदमाशों ने पार्किंग में खड़ी कारों को निशाना बनाया। बदमाश एक-एक कर कारों के कांच फोड़ते गए और अंदर रखे सामान को चुराने का प्रयास किया। जब लोग वापस अपनी गाड़ियों के पास पहुँचे, तो कांच टूटे देख उनके होश उड़ गए।

**देवास के परिवार का पर्स चोरी-** फरियादी उत्तम सिंह चौहान ने बताया कि वे देवास से अपनी कार एमपी-13 झेड-6889 लेकर परिवार के साथ जत्रा आए थे। कार पार्किंग में खड़ी कर वे अंदर गए और जब एक घंटे बाद लौटे तो देखा कि कार की पिछली सीट पर रखा उनकी बहन का पर्स गायब था। पर्स में 50 हजार रुपये नगद और अन्य जरूरी दस्तावेज थे। बदमाशों ने उत्तम सिंह की कार के अलावा तीन अन्य कारों में भी तोड़फोड़ की और उनमें से कीमती सामान पार कर दिया।वारदात की सूचना मिलते ही डायल 112 मौके पर पहुँची और स्थिति का जायजा लिया। अन्नपूर्णा पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर लिया है।

## सड़क किनारे खड़े युवक को तेज रफ्तार कार ने कुचला,मौत

**इंदौर।** राऊ थाना क्षेत्र में सड़क किनारे खड़े एक युवक को अनियंत्रित कार चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान 21 वर्षीय सुनील पिता कैलाश, निवासी ग्राम भाट खेड़ी के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, सुनील राऊ चौराहे के समीप सड़क किनारे खड़ा हुआ था, तभी एक तेज रफ्तार कार ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि सुनील को संभलने का मौका तक नहीं मिला उसे गंभीर हालात में अस्पताल ले जाया गया जहाँ उसकी मौत हो गई।

## घर का ताला तोड़कर नकदी-जेवरात चोरी

**इंदौर। परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में अज्ञात बदमाशों ने एक मकान का ताला तोड़कर नकदी और सोने के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

पुलिस के मुताबिक 25 जनवरी की रात करीब 1 बजे से 26 जनवरी की सुबह 6.30 बजे के बीच शिवाजी नगर स्थित एक मकान को निशाना बनाया गया। फरियादी गणेश पिता सुरेश दिघे निवासी शिवाजी नगर ने बताया कि अज्ञात बदमाश घर का ताला तोड़कर अंदर घुसे और अलमारी में रखी करीब 30 ग्राम वजनी पुरानी इस्तेमाली सोने की मोती की माला, लगभग 5 ग्राम वजनी, सोने के टॉप्स और 88 हजार रुपए नकद चोरी कर ले गए। परदेशीपुरा थाना पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों की तलाश कर रही है।

## गैस रिसाव के कारण झुलसे बुजुर्ग हम्माल की इलाज के दौरान मौत

**इंदौर। छत्रीपुरा थाना क्षेत्र के पंचमूर्ति नगर में गैस चूल्हा जलाते समय हुए हादसे में गंभीर रूप से झुलसे एक बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक घर में अकेले रहते थे और हम्माली का काम कर अपना जीवन यापन करते थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है**



बताते है कि 52 वर्षीय अनिल पिता गोपाल, निवासी पंचमूर्ति नगर बीते दिनों अपने घर में खाना बनाने की तैयारी कर रहे थे। उन्होंने गैस चूल्हा जलाया और किसी काम से बाथरूम चले गए। जब वे वापस लौटे तो देखा कि चूल्हा बुझ चुका था, लेकिन इस दौरान सिलेंडर से गैस का रिसाव जारी रहा और वह कमरे में फैल गई। अनिल ने जैसे ही चूल्हे को दोबारा जलाने के लिए माचिस जलाई, वैसे ही गैस के रिसाव के कारण अचानक आग भभक उठी, जिसकी चपेट में वे बुरी तरह आ गए। हादसे के बाद झुलसी हुई हालत में उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अनिल घर में अकेले ही रहते थे, जिसके कारण हादसे के समय मदद मिलने में भी कठिनाई हुई। पिछले कुछ दिनों से अस्पताल में उनका उपचार चल रहा था, लेकिन कल उन्होंने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। छत्रीपुरा पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि क्या सिलेंडर या रेगुलेटर में किसी प्रकार की तकनीकी खराबी थी, जिसके कारण गैस का रिसाव हुआ।

## शराब के लिए अड़ीबाजी; पैसे देने से मना किया तो राहगीर के साथ की मारपीट

**इंदौर।** परदेशीपुरा थाना क्षेत्र के नंदा नगर इलाके में शराब पीने के लिए रुपए मांगने और मना करने पर मारपीट का मामला सामने आया है। मूल रूप से शिवपुरी निवासी फरियादी धर्मेंद्र पिता बारेलाल छितराले ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है कि वह नंदा नगर क्षेत्र से गुजर रहा था, तभी तीन पुलिया निवासी आरोपी पारस सैन ने उसे रास्ते में रोक लिया। आरोपी ने धर्मेंद्र से शराब पीने के लिए पैसों की मांग की और जब उसने पैसे देने से साफ इनकार कर दिया, तो आरोपी पारस गाली-गलौज पर उतर आया। आरोपी ने धर्मेंद्र के साथ जमकर मारपीट की और उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## उधारी के विवाद में दोस्तों ने साथी को जमकर पीटा, घायल कर घर छोड़कर भागे

**इंदौर।** हीरा नगर थाना क्षेत्र के गौरी नगर में उधारी के रुपयों को लेकर दोस्तों के बीच खूनी संघर्ष का मामला सामने आया है। मेघदूत नगर निवासी कुंज पिता रामस्वरूप चौहान ने पुलिस को बताया कि 23 जनवरी की रात जय मल्हार गार्डन के पास उधारी के रुपयों की मांग को लेकर उसका विवाद दोस्त हिमांशु और आशीष जोशी से हुआ था। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपियों ने कुंज को घेरकर लात-घूंसों से उसकी जमकर पिटाई कर दी, जिससे उसके चेहरे, सिर और पसलियों में गंभीर चोटें आईं। मारपीट के बाद आरोपियों ने उसे तुरंत घर नहीं जाने दिया और अगले दिन घायल अवस्था में उसे उसके घर छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच और कार्रवाई शुरू कर दी है।

## मामूली विवाद के बाद युवक पर चाकू से हमला
### दो आरोपी नामजद, तलाश जारी

**इंदौर।** मानपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खेड़ीसिहोद में पुरानी रंजिश या विवाद के चलते दो युवकों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक, घायल युवक की पहचान विशाल चौहान, निवासी सोडल्यापुरा (नालछा) के रूप में हुई है। विशाल ने पुलिस को बताया कि वह अपने दोस्त के साथ खेड़ीसिहोद स्थित तेजाजी मंदिर के पास खड़ा था, तभी आरोपी सुमित पिता जोरावरसिंह और बलराम पिता नरसिंह वहां पहुँचे और किसी बात को लेकर विवाद करने लगे। बहस बढ़ते ही आरोपियों ने विशाल पर चाकू से हमला कर दिया और उसे घायल कर मौके से फरार हो गए। मानपुर पुलिस ने फरियादी विशाल की शिकायत पर दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

## अस्पताल परिसर में महिला डॉक्टर का पर्स चोरी

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। बाणगंगा थाना क्षेत्र में अस्पताल परिसर के भीतर एक महिला डॉक्टर का पर्स चोरी हो गया। घटना के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

पुलिस के मुताबिक 9 जनवरी को दोपहर करीब 12 बजे की बताई गई हैं, 27 वर्षीय फरियादी डॉ. सृष्टि भास्कर निवासी एमआईजी ने पुलिस को बताया कि अरविंदो हॉस्पिटल कैंपस स्थित पिंक कैफे के पास यह वारदात हुई, जब वह कॉलोनी में पोहा लेने गई थीं। इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके सफेद कोट की जेब से गुलाबी रंग का पर्स चोरी कर लिया। पर्स में आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, एटीएम कार्ड, कॉलेज आईडी कार्ड की मूल प्रति, घर की चाबी और 2500 रुपये नकद रखे थे। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर केस दर्ज किया है।

# पुलिस ने पकड़े दो शातिर मोबाइल स्नैचर 8 मोबाइल और 5 मोटरसाइकिल बरामद

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। शहर में मोबाइल झपटमारी की वारदातों को अंजाम देने वाले दो शातिर बदमाशों को विजयनगर पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए आरोपियों के पास से 8 महंगे मोबाइल फोन और 5 मोटरसाइकिलें जब्त की गई हैं, जिनकी कुल कीमत करीब साढ़े तीन लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने यह कार्रवाई सी-सीटीवी फुटेज और मुखबिर तंत्र से मिली सूचनाओं के आधार पर की है।

इस पूरे मामले की शुरुआत 22 जनवरी को हुई थी, जब फरियादिया अपेक्षा बारोलिया का आईफोन 16 को बदमाशों ने इंदरगढ़ होटल के सामने से झपट लिया था। इसके अलावा संस्कार गुप्ता, विष्णु मालवीय और धर्मेंद्र कुमार ने भी शहर के अलग-अलग इलाकों में अपने मोबाइल छीने जाने की शिकायत दर्ज कराई थी। लगातार बढ़ती घटनाओं को देखते हुए पु-



लिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के निर्देशों पर विजयनगर पुलिस की विशेष टीम सक्रिय हुई और घटनास्थल के आसपास के रास्तों को खंगाला गया। तकनीकी सहायता और हुलिये के आधार पर पुलिस ने देवास जिले के ग्राम पानीगांव निवासी कृष्ण मालवीय (22) और चेतर उर्फ गोलू कहार (24) को घेराबंदी कर धर दबोचा। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने पुलिस के सामने अपने काम करने के तरीके का खुलासा किया। आरोपी चोरी की मोटरसाइकिलों पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर शहर की शांत सड़कों पर रेकी करते थे और जैसे ही कोई राहगीर मोबाइल पर बात करते या हाथ में मोबाइल लेकर चलता दिखाई देता, वे झपट्टा मारकर फरार हो जाते थे। इसके अलावा आरोपी सार्वजनिक पार्किंग स्थलों से मोटरसाइकिलें चुराने के भी आदी हैं। पुलिस ने आरोपियों का न्यायालय से रिमांड लिया है ताकि उनसे अन्य वारदातों और चोरी की गई गाड़ियों की बरामदगी के बारे में विस्तृत पूछताछ की जा सके।फिलहाल, इस कार्रवाई से क्षेत्र में मोबाइल स्नैचिंग की वारदातों पर अंकुश लगने की उम्मीद जताई जा रही है।

# जन्मदिन पर केक लेने गए युवकों की बेरहमी से पिटाई

## मोलभाव करने पर बेकरी संचालक और उसके परिजनों ने बरसाए डंडे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

**एरोड्रम थाना क्षेत्र के छोटा बागड़दा रोड पर जन्मदिन की खुशियां उस समय हंगामे और मारपीट में बदल गईं, जब एक बेकरी संचालक ने केक के दाम को लेकर हुए मामूली विवाद में ग्राहक और उसके दोस्त पर हमला कर दिया। बेकरी संचालक ने अपने बेटे और भतीजों के साथ मिलकर युवकों को डंडों से बुरी तरह पीटा। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।**

वंदना नगर के रहने वाले फरियादी सूरज सोनोने ने पुलिस को बताया कि सोमवार को उनका जन्मदिन था। वह अपने दोस्त अजय यादव के साथ खुशियां मनाने के लिए छोटा बागड़दा रोड स्थित 'आदित्य राज बेकरी' पर केक खरीदने गए थे। दुकान पर मौजूद संचालक जितेंद्र से जब सूरज ने केक के पैसों को लेकर मोलभाव की बात की, तो जितेंद्र भड़क गया। उसने गाली-गलौज शुरू कर दी और अपमानजनक लहजे में कहा कि 'अगर जेब में पैसे नहीं हैं तो मे-री दुकान पर क्यों आते हो?'जब सूरज ने गाली देने से मना किया, तो आरोपी जितेंद्र ने उसकी कॉलर पकड़ ली। दोस्त अजय यादव ने जब बीच-बचाव कर कॉलर छुड़वाने की कोशिश की, तो आरोपी जितेंद्र ने शोर मचाकर अंदर से अपने बेटे शिवम, भतीजे लक्की कुमार और एक अन्य साथी लक्की गुप्ता को बुला लिया। इन चारों ने मिलकर सूरज और अजय पर धावा बोल दिया। आरोपियों ने दुकान के अंदर रखे लकड़ी के डंडे निकाल लिए और दोनों दोस्तों को बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। इस हमले में दोनों युवकों को काफी चोटें आई हैं।मारपीट के बाद घायल युवक एरोड्रम थाने पहुँचे और आपबीती सुनाई। पुलिस ने सूरज सोनोने की रिपोर्ट पर आरोपी जितेंद्र, उसके बेटे शिवम, भतीजे लक्की कुमार और लक्की गुप्ता के खिलाफ मारपीट और अभद्रता की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।





## कलेक्टर और संभाग आयुक्त कार्यालय में ध्वजारोहण

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। कल गणतंत्र दिवस पर संभाग आयुक्त कार्यालय संभाग आयुक्त डॉ. सुदामा खाड़े और कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर शिवम वर्मा, नवजीवन विजय पंवार, रोसन राय, रिंकेश वैश्य सहित अन्य अधिकारियों ने झंडा वंदन किया।



## थाना में हुआ सम्मान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। गणतंत्र दिवस पर कल आजाद नगर थाना प्रभारी लोकेशसिंह भदौरिया ने समाजसेवी और व्यापारी मुकेश सुख्यानी का सम्मान किया।**



## व्हीजी विंग्स का सैकड़ों देश भक्तों के साथ आयोजन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। संस्था व्हीजी विंग्स ने कल राजवाड़ा पर सांस्कृतिक आयोजन सैकड़ो लोगों की मौजूदगी में किया। श्रेया अनासाने, डॉ. अंशुल जैन सहित अन्य मौजूद रहे।

## जैन फेडरेशन का सम्मेलन



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिदि )। दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन का परिचय सम्मेलन में बड़ी संख्या में जैन समाजजन मौजूद थे। 1200 प्रत्याशियों ने प्रविष्टियां दी थी, पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। राजनेता और जैन समाजजन मौजूद रहे।

## लोधीपुरा में आयोजन



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। लोधीपुरा में ध्वजारोहण किया गया सखी ग्रुप और रहवासी संघ के आयोजन में सम्मान का आयोजन भी किया गया।

## सेन्ट्रल जेल से 9 बंदियों की रिहाई



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। सेन्ट्रल जेल से 9 कैदियों की रिहाई कल गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर की गई। जेल अधीक्षक अलका सोनकर ने राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस पर झंडा वंदन किया और सलामी भी ली। बंदियों को संबोधित भी किया। 9 बंदियों को माफी प्रदान की गई और उनकी रिहाई भी हुई।



## बिजली कम्पनी के 80 कर्मियों का सम्मान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड इंदौर के पोलोग्राउंड इंदौर स्थित मुख्यालय में गणतंत्र दिवस समारोह में ध्वजारोहण के बाद अधिकारियों का उद्बोधन भी हुआ और करीब 80 अधिकारी और कर्मचारियों का सम्मान भी हुआ। 10 कर्मचारियों को चांदी के सिक्के भी भेंट किए गए।**

# सत्य शोधक समाज ने किया शिक्षक सम्मान



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। सत्य शोधक समाज ने कल गणतंत्र दिवस पर झंडा वंदन के बाद 30 शिक्षकों के सम्मान का आयोजन किया। सदाशिव यादव काका, हुकुमचंद जादम सैनी, राहुल मांडले, राकेश यादव, संतकुमार यादव सहित अन्य मौजूद थे।




## माहेश्वरी क्रिकेट लीग का आयोजन

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** माहेश्वरी क्रिकेट लीग के दो दिवसीय क्रिकेट के आयोजन में 6 क्षेत्रीय टीमों और तीन कपल क्लब की टीमों ने हिस्सा लिया। अतिथि अशोक इनानी, प्रकाश अजमेरा, अनिल मंत्री, विनोद काबरा, प्रेम माहेश्वरी थे। रजत लड्ढा, हर्ष तोतला, संदीप मूंदडा ने अपनी भूमिका माहेश्वरी यूथ विंग के तत्वाववधान में आयोजित टूर्नामेंट में निभाई।

# यश, ब्रह्मप्रताप, हरजिंदर, रवि, जितेंद्र बने स्ट्रांग मेन

**इंदौर।** मध्य प्रदेश पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश के खिलाड़ियों भोपाल, जबलपुर, इंदौर धार, झाबुआ, खरगोन,बड़वानी छिंदवाड़ा, बालाघाट, सीहोर, उज्जैन, मंदसौर आदि ने पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें यस हार्डिया, ब्रह्मप्रताप सिंह, हरजिंदर सिंह, रवि यादव, जितेंद्र सिंह पवार, खाबर खान मध्य प्रदेश में स्ट्रांग मेन बने। इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि रुद्राक्ष शुक्ला,दीपेन्द्र सिंह सोलंकी और रितेश विरांग थे। प्रतियोगिता के निर्णायक सुरेश शर्मा, डॉ राजेन्द्र नायक, उमेश मेडा, रवि यादव आदि थे। प्रतियोगिता में निम्न खिलाड़ी स्ट्रॉन्ग मेन बने।




हरजिंदर सिंह मास्टर डेड लिफ्टर में, ब्रह्मप्रताप सिंह सीनियर पावर लिफ्टिंग में, यश हार्डिया जूनियर बेंच प्रेस में, अमन दिनावत सबजूनियर पावर लिफ्टर में, रवि यादव मास्टर मेन पावर लिफ्टर में , जितेंद्र सिंह पावर लिफ्टर में बने। प्रतियोगिता का संचालन मोहन सिंह राठौर ने किया।

# देअविवि इन्दौर की फुटबॉल टीम ने तृतीय स्थान हासिल कर रचा इतिहास




इन्दौर। आईटीएम विश्वविद्यालय ग्वालियर में आयोजित मध्य क्षेत्र अंतर-विश्वविद्यालयीन फुटबॉल पुरुष प्रतियोगिता में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इन्दौर की फुटबॉल टीम ने तृतीय स्थान हासिल कर 25 वर्षों बाद अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालयीन फुटबॉल पुरुष प्रतियोगिता 2025-26 के लिए क्वालीफाई किया। टीम 30 जनवरी से कोलकाता विश्वविद्यालय पश्चिम बंगाल में आयोजित होने वाली अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालयीन फुटबॉल पुरुष प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी।

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इन्दौर के कुलगुरू राकेश सिंघई, कुलसचिव प्रज्जवल खरे, अध्यक्ष, कार्यकारी खेलकूद समिति प्रो॰अजय कुमार, प्रभारी निदेशक शारीरिक शिक्षा,डॉ. सुधीरा चन्देल ने टीम की विशेष उपलब्धि के लिए बधाई एवं शुभकामनायें प्रेषित की। इस उपलब्धि से इन्दौर संभाग के समस्त क्रीड़ा जगत में हर्ष का माहौल है।

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इन्दौर फुटबॉल टीम में जयदीप अहिरवार (कप्तान), प्रणय यादव, लव जाट, तानिश गतेलु, लकी शर्मा, प्रथम दांगी, साहिल गोसर, उदय शमी, श्रेयांश मेहरा, निकेश टमता, गस्टन रूबीन, मयूर मेहरा, ध्रुव यादव, यशवीर दोहरे, आराध्य शाक्यवार, सचिन निनामा, आतिश डामोर, क्षितिज डामोर, लकी कटारा, अमित मेवाड़े।

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इन्दौर की फुटबॉल टीम के साथ डॉ. पुष्पेन्द्र कुमार अहिरवार प्रबंधक एवं डॉ. भगवान दत्त शर्मा प्रशिक्षक के रूप में मौजूद रहे। टीम के कप्तान जयदीप अहिरवार सहित 20 खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया।

## गत चैंपियन मैडिसन कीज आस्ट्रेलियन ओपन से बाहर

**मेलबोर्न।** मौजूदा चैंपियन मैडिसन कीज को वर्ष के पहले ग्रैंडस्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट में हमवतन अमेरिकी खिलाड़ी जेसिका पेगुला से हार का सामना करना पड़ा। छठी वरीयता प्राप्त पेगुला ने रॉड लेवर एरिना में खेले गए मैच में नौवीं वरीयता प्राप्त कीज को 6-3, 6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। अब तक कोई ग्रैंडस्लैम खिताब नहीं जीत पाने वाली पेगुला ने पहला सेट केवल 32 मिनट में जीत लिया।

पहले सेट में पेगुला ने 4-1 की बढ़त बना ली। उन्होंने दूसरे सेट की शुरुआत में भी ब्रेक प्वाइंट हासिल किया। कीज की सर्विस में आई दिक्कतों के चलते पेगुला ने फिर से 4-1 की बढ़त बना ली। मैच तब खत्म हुआ जब कीज का फोरहैंड शॉट नेट में चला गया। ऑस्ट्रेलियन ओपन में पेगुला का यह चौथा क्वार्टर फाइनल होगा। किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2024 में यूएस ओपन के फाइनल में पहुंचना था, जहां उन्हें एरिना सबालेंका से हार का सामना करना पड़ा था। पेगुला ने कहा, मैं पूरे टूर्नामेंट में बहुत अच्छा खेल रही हूं। गेंद का सही अनुमान लगा रही हूं और उसे अच्छी तरह से हिट कर रही हूं। मैं अपने इस प्रदर्शन को बरकरार रखने के लिए प्रतिबद्ध हूं।

# तविश, तनुष, कैरोलिन, डेविस दूसरे दौर में

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

मध्यप्रदेश टेनिस एसोसिएशन द्वारा आयोजित व यलो डायमंड द्वारा प्रायोजित इंटरनेशनल वर्ल्ड टेनिस टूर जूनियर आईटीएफ जे-60 ग्रेड-4 टेनिस चैंपियनशिप के मुख्य दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत के तविश पाहवा, तनुष घिलदयाल ने बालक वर्ग में तथा बालिका वर्ग में शीर्ष वरीय कनाडा की कैरोलिन हार्मस व दूसरी वरीयता प्राप्त ग्रेट ब्रिटेन की डेविस कापानिक ने आसानी से जीत दर्ज कर दूसरे दौर में प्रवेश किया।

इन्दौर टेनिस क्लब में सोमवार से मुख्य दौर के मुकाबले प्रारंभ हुए। स्पर्धा का औपचारिक शुभारंभ म.प्र. ओलंपिक संघ के अध्यक्ष व विधायक रमेश मेंदोला, ए.यू. बैंक के विशाल पांचाल के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर भारतीय टेनिस संघ के महासचिव अनिल धूपर, म.प्र. टेनिस संघ के अध्यक्ष अनिल महाजन, इंदौर टेनिस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गढ़ा, आईटीसी ट्रस्टी हेमंत पटवा, बी.एस. छाबड़ा, प्रमोद कुमार जैन, अभिमन्यू सिंह गढ़ा, टूर्नामेंट डायरेक्टर अर्जुन धूपर, चीफ रैफरी एंटोन डिसूजा उपस्थित थे। संचालन साजिद लोदी ने किया। सोमवार को खेले गए मुख्य दौर के मुकाबलों में बालक वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत के तविश पाहवा ने भारत के ही अराध्य महाडे को 6-3, 6-4 से, दूसरी वरीयता प्राप्त तनुष घिलदयाल ने आरव चावला को तीन सेटों के संघर्ष के बाद 7-5, 2-6, 6-3 से, तीसरी वरीयता प्राप्त भारत के देव विपुल पटेल ने शरन सोमासी को 6-0, 6-0 से, चैथी वरीयता प्राप्त आदित्य मोर ने सुविग्य चैधरी को 6-1, 6-2 से, पांचवीं वरीयता प्राप्त प्रकाश सारन ने प्रधन्येश सालके को 6-0, 7-5 से, छठी वरीयता प्राप्त ओम पटेल ने अयान पटेल को 6-3, 6-1 से, आठवीं वरीयता प्राप्त भारत के ओम वर्मा ने वराड उंद्रे को 6-2, 6-3 से, अमेरिका के नियंथ बद्रीनारायणन ने अहान शेट्टी को 6-1, 6-3 से से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। बालिका वर्ग में पहले दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त वरीय कनाडा की कैरोलिन हार्मस ने भारत की धानी को बेहद आसानी से 6-0, 6-0 से पराजित किया। वहीं दूसरी वरीयता प्राप्त ग्रेट ब्रिटेन की डेविस कापानिक ने भारत की वैदेही शुक्ला को 6-1, 6-0 से मात दी। तीसरी वरीयता प्राप्त भारत की स्निग्धा कांता ने भारत की ही वारी पाटनकर को 6-1, 6-4 से, आठवीं वरीयता प्राप्त तन्वी पांडे ने दिया अग्रवाल को 6-2, 6-0 से मात दी। वहीं सातवीं वरीयता प्राप्त अराध्या मीना को उलटफेर का शिकार होना पड़ा। उन्हें मारिया पटेल ने अराध्या को 6-1, 6-1 से हराया। वहीं रिद्धी शिंदे ने ईशा शर्मा को 6-2, 6-4 से पराजित कर दूसरे दौर में प्रवेश किया।

# आक्रामक क्रिकेट खेलना चाहते हैं कप्तान सूर्यकुमार यादव

### अपनी बल्लेबाजी को लेकर कही ये बात

### चौथा टी-20 मुकाबला कल विशाखापत्तन में

**गुवाहाटी।** भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने तीसरे टी20 में न्यूजीलैंड को आठ विकेट से हराकर सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त बनाने के बाद कहा कि वे इसी तरह का आक्रामक क्रिकेट खेलना चाहते हैं। सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने महज 14 गेंद में धमाकेदार अर्धशतक जड़ा, जबकि कप्तान सूर्यकुमार यादव ने एक और आक्रामक पचासा लगाकर शानदार फॉर्म जारी रखी जिससे भारत ने 10 ओवर में दो विकेट पर 155 रन बनाकर न्यूजीलैंड को आठ विकेट से हरा दिया।

### भारत ने महज 10 ओवर में जीता मैच

भारत ने 154 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पावर-हिटिंग से मैच एकतरफा बना दिया जिसमें अभिषेक ने 20 गेंद में सात चौके और पांच छक्के से नाबाद 68 रन जबकि सूर्यकुमार ने 26 गेंद में छह चौके और तीन छक्के से नाबाद 57 रन बनाए। भारतीय टीम ने महज 10 ओवर में ही मैच अपने नाम कर लिया। स्पिनर रवि बिश्नोई (दो विकेट) ने अनुभवी जसप्रीत बुमराह (तीन विकेट) और हार्दिक पांड्या



(दो विकेट) के साथ मिलकर शानदार गेंदबाजी करते हुए वापसी की जिससे भारतीय टीम ने अनुशासित गेंदबाजी से न्यूजीलैंड को 20 ओवर में नौ विकेट पर 153 रन के कम स्कोर पर रोक दिया था।

सूर्यकुमार ने कहा, हम इसी तरह का क्रिकेट खेलना चाहते हैं। हमें पता है कि 20 रन पर तीन विकेट गिरने के बाद कैसे बल्लेबाजी करनी है। शीर्ष दो-तीन बल्लेबाजों ने मेरा काम आसान कर दिया। बिश्नोई की योजना स्पष्ट है। उसे अपनी ताकत पता है। उसे पता है कि कब कैसी गेंदबाजी करनी है। वरुण चक्रवर्ती को अच्छा आराम मिला।

### टीम के लिए योगदान देकर खुश हैं बुमराह

मैन ऑफ द मैच रहे जसप्रीत बुमराह ने कहा, टीम के लिए जीत में योगदान करके खुश हूं। अगर मुझे नई गेंद दी जाती या अंतिम ओवर में गेंदबाजी दी जाती है, उसी के अनुसार गेंदबाजी करता हूं। टीम मुझसे जो चाहती है, वो करके मैं खुश हूं।

न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने कहा, हमारे लिए काफी मुश्किल था। स्कोरबोर्ड पर हमारे पास अधिक रन नहीं थे। यह एक अच्छा विकेट था और आउटफील्ड काफी तेज थी। लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने बढ़िया गेंदबाजी की और हमें पावरप्ले में दबाव में डाला। यह 180-190 रन वाला विकेट था। हम विश्व कप के लिए तैयारी पर ध्यान दे रहे हैं। हम खिलाड़ियों को आत्मविश्वास देने के प्रयास कर रहे हैं।

# बाइक टकराने पर उपजे विवाद में रिटायर्ड पुलिसकर्मी के बेटे की हत्या

## शराब पी रहे बदमाशों ने रॉड और पत्थरों से किया हमला

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

एरोड्रम थाना क्षेत्र की शुभम पैलेस कॉलोनी में बीती रात एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। महज बाइक की हल्की टक्कर के बाद हुए विवाद में चार बदमाशों ने एक रिटायर्ड पुलिसकर्मी के बेटे की बेरहमी से हत्या कर दी। पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए देर रात दो मुख्य हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि उनके दो अन्य साथियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

मृतक के भाई तेजपाल सिंह रावत के अनुसार, उनका भाई संजय सिंह बैस, भांजा आरव और भतीजा डी-मार्ट जाने के लिए घर से निकले थे। घर की गली के कोने पर कुछ युवक बैठकर शराब पी रहे थे, जिनसे उनकी बाइक की हल्की टक्कर हो गई। इस बात पर नशे में धुत युवकों ने विवाद शुरू कर दिया और मारपीट करने लगे। संजय ने फोन कर परिजनों को इसकी जानकारी दी,


मृतक


घायल

लेकिन जब तक भाई और पत्नी मौके पर पहुँचे, आरोपी वहाँ से जा चुके थे।

### नियोजित तरीके से दोबारा आए हमलावर

विवाद यहीं खत्म नहीं हुआ। कुछ ही देर बाद आरोपी अपने अन्य साथियों को लेकर वापस आए और लोहे की रॉड, पत्थरों और डंडों से संजय, तेजपाल और उनके भांजे पर हमला बोल दिया। इस हमले में संजय सिंह को सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। परिजनों ने तत्काल सभी घायलों को मालवा अस्पताल पहुँचाया, जहाँ उपचार के दौरान संजय सिंह बेस ने दम तोड़ दिया। संजय अविवाहित थे और उनके पिता रिटायर्ड पुलिसकर्मी हैं, जो वर्तमान में जिला न्यायालय में मुंशी के रूप में कार्यरत हैं।

### दो आरोपी गिरफ्तार, अन्य की तलाश जारी

टीआई तरुण सिंह भाटी ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम सक्रिय हुई और देर रात दो आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। हत्या में शामिल अन्य दो फरार आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उन्हें पकड़ने के लिए पुलिस की अलग-अलग टीमें दबिश दे रही हैं।

पेज 1 से जारी...

## फिल्मी स्टाइल में युवक ने दिया वारदात को अंजाम... सिरफिरे ने इकलौते बेटे को चाकू घोंपकर मार डाला

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

बीती रात सिरफिरे युवक द्वारा एरोड्रम थाना क्षेत्र के अंजनि नगर में एक युवती के इकलौते भाई को मौत के घाट उतारने का मामला सामने आया है। परिजनों का कहना है कि युवती विधि लखावत भी घायल है। वहीं मां अनिता का देर रात आपरेशन हुआ है। युवती की पहचान आरोपी वेदांत सोलंकी से कैसे हुई थी इस पर जांच की जा रही है।

सूत्रों के मुताबिक विधि आई स्पेशलिस्ट है और आरोपी वेदांत भी आप्टिकल्स में ही कार्य करता है। माना जा रहा है कि दोनों की पहचान इसी दौरान हुई है। दूसरी ओर युवती के परिजनों का कहना है कि वेदांत को पहले भी समझाईश दी थी। एरोड्रम पुलिस को भी इसकी शिकायत करीब एक सप्ताह पहले की थी जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को थाना बुलाकर समझाईश दी और माफीनामा भी लिखवाया। इधर अस्पताल में मौजूद वेदांत के परिजनों का कहना है कि दोनों के बीच बीते तीन साल से दोस्ती थी, हालांकि फिलहाल इस मामले की जांच जारी है। अब इस मामले में पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे है कि युवक को केवल समझाईश देकर क्यों छोडा था। जबकि वह सबक सीखने के बजाय रंजिश पाल बैठा। आरोपी वेदांत, जिसके माता-पिता नहीं हैं और वह अपने चाचा-चाची के साथ रहता है। वारदात के बाद इतना उत्तेजित हो गया कि उसने खुद को भी चाकू मारकर घायल कर लिया। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है आरोपी वेदांत खुद को चाकू मार रहा है और सामने कडे पुलिसकर्मी उसे समझाईश दे रहे है। विधि के पिता की घर में ही आप्टिकल्स की दुकान है। पडोसियों के अनुसार कल गणतंत्र दिवस होने के कारण आसपास के बाजार जल्दी बंद हो गए इसलिए वारदात की ज्यादा लोगों को भनक तक नहीं लगी। घटना की सूचना मिलते ही टीआई तरुण भाटी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे और सभी घायलों को अस्पताल पहुँचाया। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने हमले के दौरान परिजनों को डराने-धमकाने का भी प्रयास किया था। फिलहाल पुलिस ने आरोपी वेदांत के खिलाफ हत्या और हत्या के प्रयास का प्रकरण दर्ज कर लिया है। अस्पताल में भर्ती आरोपी की कड़ी निगरानी की जा रही है। इस हृदयविदारक घटना के बाद से पूरे इलाके में भारी तनाव और सनसनी का माहौल व्याप्त है।


मृतक वेदांश

# महालक्ष्मी नगर में कार के अंदर मिला पुजारी का शव

## सिर में लगी थी गोली, पास ही पड़ी मिली पिस्टल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

**खजराना थाना क्षेत्र के महालक्ष्मी नगर में मंगलवार सुबह एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहाँ एक कार के अंदर मंदिर के पुजारी का शव बरामद हुआ है। मृतक के सिर में गोली लगी थी और कार के अंदर से ही एक पिस्टल भी मिली है। पुलिस की शुरुआती जांच और घटनास्थल की परिस्थितियों को देखते हुए इसे आत्महत्या का मामला माना जा रहा है।**

खजराना थाना प्रभारी मनोज सेंधव के अनुसार, मृतक की पहचान 36 वर्षीय सतीश शर्मा पिता कैलाश शर्मा के रूप में हुई है, जो लसूड़िया मोरी क्षेत्र के रहने वाले थे। सतीश लसूड़िया मोरी स्थित एक मंदिर में पुजारी के रूप में अपनी सेवाएं देते थे। मंगलवार सुबह करीब 5 बजे पुलिस को महालक्ष्मी



नगर के एक सुनसान इलाके में एक संदिग्ध कार खड़ी होने की सूचना मिली थी। जब पुलिस टीम मौके पर पहुँची, तो कार के अंदर सतीश का शव खून से लथपथ हालत में मिला। पुलिस ने तत्काल शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल भिजवा दिया है।

### पूजा का सामान लेने निकले थे घर से

परिजनों से मिली जानकारी के मुताबिक, सतीश सोमवार देर शाम अपनी पत्नी से पाटनीपुरा जाकर पूजा का सामान खरीदने की बात कहकर घर से निकले थे। जब वे काफी देर तक वापस नहीं लौटे, तो परिवार ने उनकी तलाश शुरू की। रात करीब 11 बजे सतीश का फोन उनके कुछ रिश्तेदारों के पास आया था, जिससे परिजन अनहोनी की आशंका में और ज्यादा परेशान हो गए और तुरंत पुलिस को सूचना दी। पूरी रात तलाश करने के बाद सुबह उनकी लोकेशन महालक्ष्मी नगर में मिली, जहाँ यह दुखद हादसा हो चुका था।

### आत्महत्या की आशंका, जांच जारी

सतीश शर्मा अपने पीछे पत्नी और दो बच्चों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। पुलिस इस बात की गहराई से तफ्तीश कर रही है कि सतीश के पास पिस्टल कहाँ से आई और उन्होंने इतना आत्मघाती कदम क्यों उठाया। फिलहाल मौके से कोई सुसाइड नोट मिलने की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन पुलिस पुजारी के मोबाइल कॉल डिटेल्स और हालिया व्यवहार की जांच कर रही है ताकि मौत के असली कारणों का पता लगाया जा सके।

# सुपर कारिडोर पर बेकाबू होकर पलटी बोलेरो युवक की मौत, महिला सहित दो गंभीर घायल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर के गांधी नगर थाना क्षेत्र में रविवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार में जा रही एक बोलेरो कार अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें एक युवक की जान चली गई, जबकि कार में सवार एक महिला और एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।



पुलिस के अनुसार, यह हादसा एमआर कॉलोनी में रात करीब 10.50 बजे हुआ। कार सवार लोग नावदापंथ की ओर से एमआर कॉलोनी की तरफ आ रहे थे, तभी अचानक चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और कार सड़क पर पलट गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार लोग अंदर ही फंस गए।हादसे की सूचना मिलते ही गांधी नगर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में जांच के बाद डॉक्टरों ने 30 वर्षीय दीपक पिता नारायण, निवासी गड़ोला कॉलोनी (नागदा) को मृत घोषित कर दिया। वहीं, हादसे में घायल अश्विन (23) और शोभा (20) का उपचार निजी अस्पताल में चल रहा है, जहाँ उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने मर्ग कायम कर दीपक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। शुरुआती जांच में हादसे का कारण तेज रफ्तार माना जा रहा है।

# बहुत तेज चलते हो कहकर युवक को मारा चाकू

## पेट में किए दो वार, आरोपी फरार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में कल रात करीब 8.30 बजे आपसी विवाद के चलते एक युवक पर हमला किया गया। मालीपुरा निवासी कृष्णा वर्मा अपने दोस्त आदित्य के साथ फूलमाली धर्मशाला के सामने खड़ा था, तभी भाट मोहल्ला निवासी आरोपी नैतिक भाट और प्रियांशु भाट वहाँ पहुँचे। आरोपियों ने कृष्णा को देखते ही गालियां देना शुरू कर दिया और कहा कि 'तुम लोग बहुत ज्यादा तेज चलते हो'। जब कृष्णा ने उन्हें गाली देने से मना किया, तो आरोपी प्रियांशु ने अपनी जेब से चाकू निकाला और कृष्णा के पेट में पसली के नीचे दो वार कर दिए। बीच-बचाव के बाद आरोपी उसे दोबारा दिखने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर उनकी धरपकड़ के लिए टीमें भेजी हैं।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।